संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 23 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 172 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



वित्त मंत्रियों के साथ आयोजित बजट पूर्व बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभिवादन करते हुए हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल।

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपति नहीं है।"

- भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद

# बांग्लादेश-भारत का रिश्ता मजबूत: मोदी

## एक्ट ईस्ट पॉलिसी, विजन सागर और इंडो-पैसिफिक विजन के संगम पर स्थित है : पीएम

**द्विपक्षीय संबंध**

**पिछले एक ही साल में हमने मिलकर जन कल्याण की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं : पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले नीति, एक्ट ईस्ट पॉलिसी, विजन सागर और इंडो-पैसिफिक विजन के संगम पर स्थित है। नई दिल्ली में अपनी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैसे तो पिछले एक साल में हम 10 बार मिल चुके हैं, लेकिन आज की मुलाकात खास है क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। मोदी ने दोनों देशों के संबंधों और पिछले एक वर्ष में की गई पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले एक ही साल में हमने मिलकर जन कल्याण की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं। उन्होंने अखौड़ा-अगरतला के बीच भारत-बांग्लादेश का छठा क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक शुरू होने और दोनों देशों के बीच भारतीय रुपये में ट्रेड की शुरूआत आदि का जिक्र किया। भारत-बांग्लादेश के बीच आज हुए समझौतों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए फ्यूचरिस्टिक विजन तैयार किया है। ग्रीन पार्टनरशिप, डिजिटल पार्टनरशिप, ब्लू इकॉनमी, स्पेस जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति का लाभ दोनों देशों के युवाओं को मिलेगा। मोदी ने कहा कि हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक सहित अन्य रीजनल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपना सहयोग जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर है और बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को हम अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं।

मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांग्लादेश के विजन को साकार करने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता हूं।

### पार्टनरशिप सहित कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की उपस्थिति में डिजिटल क्षेत्र में पार्टनरशिप और ग्रीन पार्टनरशिप सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच वार्ता के बाद भारत और बांग्लादेश के अधिकारियों ने भारत-बांग्लादेश के बीच डिजिटल पार्टनरशिप पर समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों देशों के बीच रेलवे पर एमओयू, दोनों देशों के बीच समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में एमओयू, आपदा प्रबंधन पर एमओयू का नवीनीकरण, मत्स्य पालन में एमओयू का नवीनीकरण, सैन्य सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौतों का आदान-प्रदान किया गया।

# वैज्ञानिक समुदाय छोटे किसानों के हित में करें कार्य : शिवराज



**आत्मनिर्भर**

**किसानों को हमें विज्ञान से जोड़ना है और इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र बहुत उपयोगी हैं : शिवराज**

**टीम एक्श इडिया**


**नई दिल्ली: केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने आज शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान के पूर्व छात्रों के एक सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से अपील की कि वे छोटे और सीमांत किसानों के हित में कार्य करें। नई दिल्ली स्थित पूसा इंस्टीट्यूट में आयोजित सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश को तेलहन और दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसके साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीकी की भी जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि देश में छोटे और सीमांत किसान 86 प्रतिशत के करीब हैं। ऐसे में खेती का मॉडल ऐसा बनाना पड़ेगा कि एक हेक्टेयर की खेती तक में किसान आसानी से अपनी जीविका चला सकें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें कुछ ऐसा रोड मैप बनाना पड़ेगा, जिससे कि भारतीय किसान और कृषि का कल्याण हो सके और भारत को दुनिया का फूड बास्केट बना सकें। साथ ही दुनिया को अन्न खिलाने के लिए निर्यात भी कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदलना मेरी जिद है।

वे किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहते हैं। चूंकि, किसानों को हमें विज्ञान से जोड़ना है और इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन तथा मिशन कृषि के क्षेत्र को आगे बढ़ाना और किसान का कल्याण करना है। इसलिए जिस दिन से वे कृषि मंत्री बने हैं, तभी से दिन-रात किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के बारे में सोच रहे हैं।

# रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब जीएसटी के दायरे से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है।



**नई दरें**

**छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

# नकली शराब से मौत: द्रमुक सरकार जिम्मेदार- भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु में नकली शराब पीने से हुई मौतों के लिए राज्य की द्रमुक सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पत्रकारवार्ता में 53 लोगों की मौत को मानवनिर्मित आपदा बताया है। उन्होंने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर दलित हैं।

# यूपी : कर्मचारियों, शिक्षण संस्थाओं का भी महंगाई भत्ता बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शासन ने राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत पदधारकों को 1 जनवरी, 2024 से बढ़ी हुई दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्णय लिया है। हालांकि इसमें उन कर्मियों को शामिल किया जाएगा, जिनके द्वारा 1 जनवरी 2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना का चयन नहीं किया गया है अथवा जिनके वेतनमान पुनरीक्षित नहीं हुए हैं और वे पांचवें वेतन आयोग द्वारा संस्तुत एवं राज्य सरकार द्वारा लागू की गई वेतन संरचना में कार्यरत हैं। आदेश के मुताबिक महंगाई भत्ता की बढ़ी हुई राशि का भुगतान एक जून, 2024 से नकद किया जाएगा। संशोधित दर पर महंगाई भत्ते की एक जनवरी 2024 से 31 मई, 2014 तक की देय अवशेष राशि अधिकारी एवं कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में आयकर एवं सरचार्ज की कटौती के बाद जमा की जाएगी। इसे 1 जून, 2025 से पहले निकाला नहीं जा सकेगा।

# उरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामूला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे।

**दो आतंकी ढेर**

**ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।**

# अब प्रोटेम स्पीकर की मदद के लिए बनाए गए पैनल में विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर लगातार सियासी विवाद बना हुआ है। कांग्रेस और केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन लगातार इस नियुक्ति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बढ़ते विरोध को देखते हुए भाजपा ने भी कांग्रेस को सलाह दे दी थी कि वह अपने सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए। हालांकि इन सबके बीच अब नया विवाद शुरू हो गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए चुने गए विपक्षी नेता पदों को स्वीकार नहीं करने पर विचार कर रहे हैं।

नया विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब पहले से ही विपक्षी दल प्रोटेम स्पीकर के रूप में भर्तृहरि महताब को चुने जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। गौरतलब है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत भाजपा सांसद को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए सुरेश कोडिकुन्नील, थलिककोट्टई राजुथेवर बालू, राधामोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय को भी नियुक्त किया है। भर्तृहरि महताब लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# रेल हादसा : नियमों में किया बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कंचनजंघा एक्सप्रेस हादसे से सबक लेते हुए मध्य पूर्व रेलवे (ईसीआर) ने अपने क्षेत्र के स्टेशन मास्टरों को निर्देश दिया है कि वे स्वचालित सिग्नल सिस्टम में खराबी की स्थिति में ट्रेन ड्राइवरों को सिग्नल पार करने का अधिकार देने वाला फॉर्म टी/ए 912 जारी न करें। कंचनजंगा एक्सप्रेस-मालगाड़ी की टक्कर में 10 लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद ही यह निर्देश जारी किया गया है।



**अगले आदेश तक लागू रहेगी रोक:** मध्य पूर्व रेलवे द्वारा 21 जून को जारी आदेश के अनुसार, टी/ए 912 पत्र जारी करने पर रोक लगाने का फैसला मध्य पूर्व रेलवे की सुरक्षा बैठक में लिया गया। ईसीआर ने कहा, 'मध्य पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा प्रधान विभागाध्यक्ष और डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) के साथ की गई सुरक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया है कि स्वचालित सिग्नल की खराबी के दौरान टी/ए 912 को अगली सलाह तक जारी नहीं किया जाएगा।' मध्य पूर्व रेलवे जोन के आदेश में कहा गया है कि 'टी/ए 912 के स्थान पर अब दोहरी लाइन के लिए अगले आदेश तक जीएंडएसआर 9.02 का नोट जारी किया जाएगा। जीएंडएसआर 9.02 के अनुसार, स्वचालित सिग्नल सिस्टम की खराबी की स्थिति में ट्रेन चालक प्रत्येक लाल सिग्नल पर दिन के समय एक मिनट और रात में दो मिनट के लिए रुकेंगे।

**महंगाई की मार** सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतें कम होंगी

# सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 71000 टन खरीदे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने के कुल लक्ष्य में से बफर स्टॉक के लिए इस साल अब तक लगभग 71,000 टन प्याज की खरीदारी की है। साथ ही, सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतें कम होंगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, प्याज का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले प्यात का मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम रहा।



**20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की:** उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज की खरीद की गई थी। अधिकारी ने बताया, 'अनुमानित तौर पर रबी उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति काफी हद तक पिछले साल के बराबर है।' उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीदारी के लक्ष्य को हासिल करने की ओर बढ़ रही है। अधिकारी ने कहा कि सरकार प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए बफर में प्याज रखने या बाजार में छोड़ने के विकल्प का प्रयोग करेगी। खरीद मूल्य परिवर्तनशील मूल्य है जो प्रचलित बाजार मूल्यों से जुड़ा हुआ है। अधिकारी ने बताया कि प्याज की कीमतों में वृद्धि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में कम बारिश के कारण पिछले वर्ष की तुलना में खरीफ, देर खरीफ और रबी में 2023-24 में उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की कमी के कारण हुई है।

**प्याज की कीमतें**

**प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए बफर में प्याज रखने या बाजार में छोड़ने के विकल्प का प्रयोग करेगी**




# अब्दुल रशीद की याचिका पर सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और बारामूला से लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य अब्दुल रशीद शेख को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति देने की मांग पर सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने इस मामले पर अगली सुनवाई एक जुलाई को करने का आदेश दिया। कोर्ट में याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने 01 जुलाई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अब्दुल रशीद की याचिका पर सुनवाई करते हुए 6 जून को एनआईए को नोटिस जारी किया था। अब्दुल रशीद ने लोकसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बारामूला सीट से जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को दो लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। रशीद फिलहाल दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16



मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, अब्दुल रशीद शेख, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों, सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई। एनआईए के मुताबिक हाफिज सईद ने हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं के साथ मिलकर हवाला और दूसरे चैनलों के जरिये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन का लेन-देन किया। इस धन का उपयोग वे घाटी में अशांति फैलाने, सुरक्षा बलों पर हमला करने, स्कूलों को जलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम किया। इसकी सूचना गृह मंत्रालय को मिलने के बाद एनआईए ने आईपीसी की धारा 120बी, 121, 121ए और यूएपीए की धारा 13, 16, 17, 18, 20, 38, 39 और 40 के तहत केस दर्ज किया था।

# पानी के विवाद में पिता-पुत्र की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोदीनगर :** यूपी के मोदीनगर स्थित निवाड़ी क्षेत्र के खिंदौड़ा-धौलड़ी रजवहा संपर्क मार्ग पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे सात-आठ हमलावरों ने आम के बाग के ठेकेदार धौलड़ी निवासी पप्पू (60) उनके बेटे शाहनवाज उर्फ राजा (25) और चांद (22) पर ताबड़तोड़ 18 राउंड फायरिंग कर दी। हमले में पप्पू और शाहनवाज की मौके पर मौत हो गई, जबकि कंधे और हाथ में चार गोलियां लगने के बावजूद चांद किसी तरह भाग निकले। उनकी हालत बेहद गंभीर है। घटना से इलाके में बने सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस मामले में खिंदौड़ा गांव निवासी सात लोग नामजद कराए गए हैं। इनमें मुख्य आरोपी आम के बाग के ठेकेदार सुधीर त्यागी,




उसके बेटे दीपक और एक अन्य बिट्टू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वजह रजवहे से आ रहे सिंचाई के पानी पर पप्पू को लेकर पड़ोस के बाग के ठेकेदार खिंदौड़ा निवासी सुधीर त्यागी से शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे विवाद हो जाना रही। पानी पप्पू के बाग में जा रहा था जबकि सुधीर त्यागी का कहना था कि शुक्रवार को पानी से सिंचाई का नंबर उनका था।

**समझौते के बाद किया हमला**
इस विवाद के बाद कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था। पप्पू के भाई बिलाल की ओर से दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि रात में जब पप्पू दोनों बेटों के साथ बाइक से जा रहे थे तो खिंदौड़ा और धौलड़ी के बीच सुधीर त्यागी पक्ष ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमलावरों ने मृतकों के शव रजवहे में फेंक दिए थे। राजा का शव रात में ढाई बजे और पप्पू का शनिवार सुबह नौ बजे बरामद हुआ।

**शव रखकर लगाया जाम**
धौलड़ी के सैंकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सुबह नौ बजे रजवहा के पास ही शव रखकर जाम लगा दिया। वे लोग आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर साढ़े ग्यारह बजे जाम खुला और लोग घरों को लौटे।

**चार आरोपियों की तलाश**
डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि दोहरे हत्याकांड में सुधीर त्यागी, उसके दो बेटे दीपक और बिट्टू, लवली, दीपक, मोहित उर्फ बादशाह और आसिफ को नामजद किया गया है। फरार चार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जंगल में सड़क किनारे पड़ा था लहूलुहान शव

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र के लोनी भोपुरा रोड पर 30 साल के युवक का सिर काट कर हत्या कर दी गई। आरोपी ने निर्मम हत्या के बाद सिर कटा शव प्लेनेट वन सोसायटी के सामने सड़क किनारे जंगल में फेंक दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, टीलामोड थाना क्षेत्र में लोनी भोपुरा रोड़ पर सड़क किनारे 30 वर्षीय युवक का शव मिलने के बाद अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस की छह टीमें सीसीटीवी और अन्य एंगल पर जांच कर रही हैं। पुलिस को युवक का कटा हुआ सिर अभी तक मिला नहीं है।

## गाजियाबाद में खूंखार हो रहे कुत्ते: महिला को किया लहूलुहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** आवारा कुत्तों की समस्या से परेशान राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रैंड सवाना सोसायटी के लोगों ने शनिवार सुबह गेट पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या इतनी बढ़ गई है कि लोगों के अंदर डर बैठ गया है। एक हफ्ते में एक बच्चे और महिला पर कुत्ते हमला कर चुके हैं। नगर निगम समस्या के समाधान के लिए कुछ नहीं कर रहा है।

**सोसायटी में महिला को कर दिया था लहूलुहान**
शुक्रवार को सोसायटी के बेसमेंट में घरेलू सहायक प्रमिला को कुत्तो के झुंड ने काटकर लहूलुहान कर दिया। करीब 10 मिनट तक कुत्ते हमलावर रहे। महिला के शरीर पर 10 जगह गहरे जख्म हो गए हैं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सोसायटी में कुत्ते हो रहे हमलावर**
चार दिन पहले भी कुत्तों के झुंड ने 10 साल के बच्चे पर हमला कर दिया था। बच्चे के पैर में कई जगह जख्म हो गए हैं। सोसायटी निवासी राहुल बालियान का कहना है कि हर हफ्ते दो लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। बच्चे डर की वजह से पार्क में नहीं जा रहे हैं।

**नगर निगम 24 घन्टे का अल्टीमेटम:** सोसायटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम कोई समाधान नहीं कर रहा है। सोसायटी 30-40 आवारा कुत्ते हो गए हैं कुछ कथित पशु प्रेमियों की वजह से दिक्कत ज्यादा बढ़ गई है। गेट के पास फीडिंग पॉइंट बनाने के बाद भी कुछ लोग कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों पर खाना किला रहे हैं।

## कोच और खेल अकादमियों का चयन करेगा प्राधिकरण

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम में स्पोर्ट्स ट्रस्ट की ओर से अलग-अलग खेलों के कोच ओर खेल अकादमियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी में नोएडा प्राधिकरण ने कुश्ती, एथलेटिक्स एंड फिटनेस, डांस एंड एरोबिक्स और स्क्वैश के कोच और खेल अकादमियों के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाली है। इच्छुक एजेंसियां आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 27 जून है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।


## पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव **नाम:** मालूम नही, **पुत्र:** मालूम नही, **निवासी:** मालूम नही, **उम्र:** 38 वर्ष, रंग: उथला, **कद:** 5'5", **पहनावा:** सलेटी रंग का पजामा और लाल रंग की टी - शर्ट पहने हैं जो H. No. D-107, विवेक विहार के नजदीक दिल्ली में मृत पाया गया था। इस बाबत **FIR/DD No. 34A** दिनाक 19.06.2024 **थाना:** विवेक विहार, **दिल्ली** में दर्ज है।



इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : विवेक विहार, दिल्ली
फोन : 9311787921
DP/7916/SHD/2024

## उत्तर रेलवे
### खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे जींद के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 35-W-IV-24-25)<br>2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे मनसा के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 39-W-IV-24-25)<br>3. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे रोहतक के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 40-W-IV-24-25)<br>4. रोहतक – पानीपत खंड पर ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 41-W-IV-24-25)<br>5. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे जाखल के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 42-W-IV-24-25)<br>6. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे बहादुरगढ़ के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 43-W-IV-24-25)<br>7. अस्थल बोहर रेवाड़ी खंड पर ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 45-W-IV-24-25)<br>8. सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे गोहाना-II के तहत शाखा लाइन यानी जींद-सोनीपत के ट्रैक के रखरखाव के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु कार्य। (निविदा संख्या 46-W-IV-24-25) |
| अनुमानित लागत | (1) Rs. 8415797.81 (2) Rs. 6999627.18 (3) Rs. 8499935.52 (4) Rs.3999944.95 (5) Rs. 6999698.86 (6) Rs. 8499876.70 (7) Rs. 3999670.80 (8) Rs. 4999675.88 |
| धरोहर राशि | (1) Rs. 168300.00 (2) Rs.140000.00 (3) Rs.170000.00 (4) Rs. 80000.00 (5) Rs.140000.00 (6) Rs.170000.00 (7) Rs. 80000.00 (8) Rs.100000.00 |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 02.07.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 16.07.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128.डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 35,39,40,41,42,43, 45&46-डब्लू-4-24-25
दिनांक: 21.06.2024
1881/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 24/43 दिनांक: 21.06.2024

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30242782ए | वॉटर टैंक एसेम्बली | 19 नग | 09.07.2024 |
| 2 | 30242035 | सेकेंडरी लेटरल डैम्पर | 319 नग | 09.07.2024 |
| 3 | 38243168 | 495-4ए क्वीक ड्रा | 40 नग | 18.07.2024 |
| 4 | 38242663 | अपग्रेडेड हाई कैपेसिटी ड्राफ्ट गियर | 232 नग | 15.07.2024 |
| 5 | 38242621 (ई-आरए) | कप्लर बॉडी विद शैंक वियर प्लेट | 8995 नग | 15.07.2024 |
| 6 | 38241618 | बोल्स्टर लैण्ड सरफेस लाईनर | 149080 नग | 15.07.2024 |
| 7 | 38243205 | कोण, रोलर एण्ड केज एसेम्बली | 1988 नग | 29.07.2024 |
| 8 | 63235402 A | फिश प्लेट 1 मीटर लॉग 60 किग्रा. T-5916 | 27756 सेट | 15.07.2024 |
| 9 | 64245156 | पम्प पार्ट नं. A17FO045/10NRWK0E81-0 MNR: R902282853 मेकः REXROTH or Similar फॉर यूस इन Phooltas मेक ट्रैक मशीन | 1 नग | 22.07.2024 |
| 10 | 64245126 | टंगस्टन कार्बाइड राउंड शाफ्ट चिज़ल फॉर BCM Part No. 64.08.2034HM. (1) ड्राइंग: RDSO/TM/03/19 (संलग्न) (2) स्पेसिफिकेशन: TM/HM/6/435 (संलग्न) मेकः Own make equivalent to plasser. | 4000 नग | 01.08.2024 |
| 11 | 64235172 | कान्टैक्टर 30.0 HPIEC, लोरम पार्ट नं. 123665, एलेन ब्राडले पार्ट नं. 10. C43. DJ00 SER-A. (Acceptable Make LORAM or ALLEN Bradley only) | 36 नग | 24.07.2024 |
| 12 | 30243078 | सेट ऑफ ब्रेक पाइप अरेंजमेंट | 150 सेट | 15.07.2024 |
| 13 | 30242835 | होज कनेक्शन 20 x 550 एमएम | 2423 नग | 15.07.2024 |
| 14 | 20243760 | एक्सल डैम्पर फॉर पी-7 लोको | 15 नग | 12.07.2024 |
| 15 | 20243772 | वर्टिकल डैम्पर फॉर पी-7 लोको | 13 नग | 12.07.2024 |
| 16 | 20243615 | कॉन्टेक्टर फॉर टाइम डिले ऑफ एमआर ब्लोवर | 09 नग | 16.07.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **1080/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:** CEN 2024-25-04 **दिनांक:** 18.06.2024

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी0)/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 15.07.2024 के समय 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है।

**कार्य का विवरणः** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/प्रयागराज के कार्यक्षेत्र मे खैरार-मानिकपुर खण्ड के दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत लेवल क्रासिंग सं0 451/C, 464/C, 465/C, 466/C, 477/C, 480/C, 481/C, 482/C, 489/C, 491/B, 492/B, 495/C के बदले सीमित ऊँचाई सब वे (एल एच एस) का एयर पुसिंग विधि द्वारा निमार्ण किये जाने के सम्बन्ध में।

**अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 74.41 Cr., **बोली प्रतिभूमि (रू.):** ₹ 3870600/-, **कार्य समापन की अवधिः** 15 माह, **निविदा बंद करने की तिथि और समयः** 15.07.2024 15:00 बजे, **निविदा खुलने की तिथिः 15.07.2024 15:30 बजे, निविदा का प्रकारः** ओपेन टेण्डर (दो पैकेट प्रणाली एवं इलेक्ट्रानिक रिवर्स ऑक्शन)।

**नोटः- (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 15.00 बजे तक निविदा भरने की तिथि दिनांकः 15.07.2024 तक उपलब्ध है। **(2)** उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act- 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** बोली प्रतिभूमि या तो ई-भूगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक - वीआईए के अनुसार होगा और बोल बैधता अवधि से परे 90 दिनों की अवधि के लिये बैध होगा। **(4)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(5)** निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी) / Consortiums / MOUs पर विचार किया जायेगा। **(6)** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(7)** सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(8)** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपिकी पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिये। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिये विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूमि, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पाँच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। **(9)** सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियम लागू होंगे। **(10)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(11)** निविदा आनलाइन दिनांकः 15.07.2024 को समय 15.00 बजे तक सबमिट किया जा सकता हैं तथा निविदा 15.30 बजे उसी दिन खोली जायेगी। **1072/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या
6/W/C-II/CDG/ Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 दिनांक 19.06.2024
के बोली जमा करने की तिथि और समय तथा विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज में संशोधन निम्नलिखित है।

| | | |
|---|---|---|
| 5 | बोली जमा करने की तिथि और समय | सम्पूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट https://ireps.gov.in पर IST 21.06.2024 (11:30 बजे) से 12.07.2024 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली https://ireps.gov.in पर 28.06.2024 से 12.07.2024 (11:30 बजे) तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त हुई बोलियां दिनांक 12.07.2024 11:30 बजे उप मुख्य अभि/नि-II/चंडीगढ़ कार्यालय में खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | ई-निविदा का विस्तृत विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.06.2024 से 12.07.2024 (IST 11:30 बजे) तक अपलोड किया जा सकता है। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

Notice No. 6/W/C-II/CDG/Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 dated 21.06.2024
1882/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 30 साल, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरूष, **चेहराः** गोल, **रंगः** सांवला, **शरीर** : पतला, **पहचान चिन्हः** दाहिने हाथ पर टैटू **"राहुल"** और **आर.लव**, **पहनावाः** नीली जींस पैंट, मैली क्रीम शर्ट, काली दाढ़ी वाला भिखारी टाइप, **बरामदी स्थलः** ई-7, ब्लॉक सुल्तानपुरी, दिल्ली।

मृतक के शव को पहचान के लिए एसजीएम अस्पताल, मंगोलपुरी दिल्ली की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 0027A दिनांकः 19.06.2024 पुलिस स्टेशनः सुल्तानपुरी, बाहरी जिला दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः सुल्तानपुरी, बाहरी जिला
फोनः 7065036134
DP/7877/OD/2024

## एक्शन इंडिया
### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि बिरमती पत्नी सतबीर निवासी गांव खेड़ी गुज्जर , तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र वजीर कुमार व उसकी पत्नी पूनम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# भाजपाईयों ने अनशन में बाधा डालने का प्रयास किया: आप

## पानी दिलवाने के लिए दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर

**आरोप**

**दिल्ली में पानी नहीं मिल रहा है। इन्हें पानी दिलवाने के लिए मैं कल से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हूं: मंत्री**








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के 28 लाख लोगों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनके अनशन के दूसरे दिन कुछ लोगों ने आकर प्रदर्शन दिया। इस बीच आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा भेजे गये लोगों ने व्यवस्था को बिगाड़ने और शांतिपूर्ण चल रहे अनशन में बाधा डालने का प्रयास किया। इस विषय में अपनी बात को साझा करते हुए जलमंत्री आतिशी ने कहा, "दिल्ली में पानी की बहुत कमी है। 28 लाख लोगों को दिल्ली में पानी नहीं मिल रहा है। इन्हें पानी दिलवाने के लिए मैं कल से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हूं।" "उन्होंने कहा, आज मेरे अनशन स्थल पर कुछ लोग हल्ला करने, बाधा पहुंचाने, मुझ पर हमला करने आए। लेकिन मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूँ कि, मैं गांधी जी के सिखाए हुए सत्याग्रह के रास्ते पर, उनके सिखाए अनशन के रास्ते पर चल रही हूँ। मैं ऐसी चीजों से डरने वाली नहीं हूँ, ऐसी हरकतों से ये सत्याग्रह रोकने वाली नहीं हूँ।"

आतिशी ने कहा, "जब तक 28 लाख दिल्ली वालों को उनके हक का पानी नहीं मिलेगा, तब तक ये अनशन जारी रहेगा, ये सत्याग्रह जारी रहेगा।"

## प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन का किया प्रयोग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जल संकट बरकरार है। इस समस्या पर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और विपक्षी दल भाजपा आमने-सामने हैं। एक ओर जल मंत्री आतिशी शुक्रवार से 'पानी सत्याग्रह' पर बैठी हुई हैं। दूसरी ओर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दूर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा पर्याप्त पानी भेज रहा है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे स्वीकार किया है।

**भाजपा नेता ने दिल्ली सरकार बोला हमला**

भाजपा नेता ने कहा कि आप पिछले 10 सालों से दिल्ली में सत्ता में है। उनके पास दिल्ली जल बोर्ड और एमसीडी है। उनके पास सभी महत्वपूर्ण विभाग हैं। तो क्या वे अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं? वास्तविकता यह है कि उनकी अपनी सहयोगी कांग्रेस पार्टी अब स्वीकार कर रही है कि हरियाणा अधिक पानी भेज रहा है। हरियाणा ने जितना पानी भेजने का वादा किया था, उससे अधिक भेज रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे स्वीकार किया है। पूनावाला ने कहा दिल्ली सरकार पानी के टैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय नाटक और प्रदर्शन कर रहे हैं। सवाल यह है कि वे पानी के टैंकर माफियाओं को क्यों बचा रहे हैं? क्या इसलिए कि उन्हें हर पानी के टैंकर पर कमीशन मिल रहा है? दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रही है। जंगपुरा के पास भोगल में उनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और पार्टी के अन्य सदस्य भी थे।

**पानी की बर्बादी**

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया**

### आतिशी के सत्याग्रह पर भाजपा ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच पिछले कुछ दिनों से जारी पानी संकट के मुद्दे पर जल मंत्री आतिशी की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी है। आतिशी के इस सत्याग्रह पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने धरना स्थल का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर दावा किया है कि आतिशी का अनशन सिर्फ दिखावा है। रात 11 बजे से सुबह साढ़े 10 तक मंच पर एक भी शख्स नहीं दिखा। कपूर का कहना है कि दिल्ली सरकार अपनी नाकामियों को छिपा रही है। उनका कहना है, "मैंने कई विरोध प्रदर्शन और सत्याग्रह देखे हैं, लेकिन आज जो सत्याग्रह हम देख रहे हैं, वह अजीब है। मजेदार बात यह है कि रात 11 बजे आतिशी के साथ सत्याग्रही प्रदर्शन स्थल से गायब हो गए और सुबह 10:30 बजे तक वहां कोई नहीं था। यह कैसा सत्याग्रह है? उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भी रामलीला मैदान पर सत्याग्रह किया था, वह मंच से गायब नहीं होते थे। लेकिन यह कैसा सत्याग्रह है? कैसा झूठ है और किसके साथ धोखा किया जा रहा है?

## बीजेपी कार्यकर्ताओं का मटका लेकर प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा कि कोई सिर्फ नाम रख लेने से आम आदमी नहीं हो जाता। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि 54 करोड़ के महल में रहने वाला आम आदमी नहीं होता। आज जल बोर्ड घाटे में है। यहां काम करने के लिए कर्मचारी नहीं है। आज दिल्ली की जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने ओखला फेज दो स्थित दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। महिलाओं ने पानी की किल्लत को लेकर सिर पर मटके रखकर दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड पर चढ़कर कार्यालय के अंदर जाने का प्रयास किया। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

**सिर पर मटका लेकर नारेबाजी:** सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल बोर्ड कार्यालय के बाहर पुलिस को तैनात किया गया था। पुलिस ने कार्यालय के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी थी। सिर पर मटका लेकर सैकड़ों महिलाएं और पुरुष कार्यकर्ता पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यालय की तरफ बढ़े।

**प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ गए:** पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वह बैरिकेड पर चढ़ गए। लोगों ने बैरिकेड को गिराने का प्रयास किया। स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया। तब भीड़ तितर बितर हुई। पूर्व सांसद ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने अपने यहां पानी का टैंकर मंगवाएं, फिर अपनी मम्मी से पानी भरवाए। तब पता चलेगा कि आम जनता कितनी परेशान है।

**विरोध**

**54 करोड़ के महल में रहने वाला आम आदमी नहीं होता। आज जल बोर्ड घाटे में है: रमेश बिधूड़ी**

## हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बॉलीवुड फिल्म स्पेशल-26 की तर्ज पर चांदनी चौक के एक ज्वेलर के परिवार को बंधक बनाकर डकैती डालने वाले एक फरार आरोपित को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पलवल, हरियाणा निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ सन्नी (37) के रूप में हुई है। पिछले करीब चार सालों से आरोपित पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। डकैती के बाद करोल बाग थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन 23 जून 2020 को आरोपित पत्नी की बीमारी का बहाना कर पैरोल लेकर गायब हो गया था। इसके बाद इसने कभी सरेंडर नहीं किया। आरोपित पलवल में रहकर हत्या के आरोप में जेल में बंद अपने भाई के मुकदमे की पैरवी कर रहा था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि गत 26 जुलाई 2017 को आरोपित नरेंद्र और उसके साथियों ने ज्वेलर के करोल बाग स्थित घर पर धावा बोलकर डकैती डाली थी। पुलिस की वर्दी में एक बदमाश ज्वेलर के दरवाजे पर पहुंचा। बाकी सादे कपड़ों में तीन युवक बाहर खड़े हुए थे। पुलिस की वर्दी में मौजूद व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर दरवाजा खुलवाया। वारदात के समय ज्वेलर की पत्नी, बेटा, मां और छोटे भाई की पत्नी घर पर मौजूद थे। अंदर घुसते ही बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बना लिया था। बाद में आरोपित जेवरात और एक मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच 2020 में वह पैरोल लेकर फरार हो गया था।

## दो युवकों की चाकू घोंपकर हत्या, जांच जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के अशोक विहार थाना इलाके के वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बीती रात दो युवकों की बड़ी ही चाकूओं से घोंपकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही जिले के तमाम अधिकारी मौके में पहुंचे। उत्तरी पश्चिमी जिले के डीसीपी जितेंद्र मीणा, एडिशनल डीसीपी संध्या समेत तमाम आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। घटनास्थल पर क्राइम टीम, फॉरेंसिक टीम और स्पेशल स्टाफ की टीम को भी जांच में शामिल किया गया, फिलहाल पुलिस इसमें ज्यादा कुछ बोलने से बच रही है। पुलिस का यही कहना है कि अभी जांच चल रही है। जल्दी ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ लोगों को इस मामले में हिरासत में भी लिया गया है और उनसे भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल अशोक विहार थाना इलाके में हुए इस दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की धर पकड़ के लिए कई टीमें बना दी गई हैं। दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल भिजवा दिया गया है।



भाजपा नेता, यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने द्वारा नई दिल्ली के तीन मूर्ति चौक में प्रदर्शन करते हुए।

## बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपित बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी, इसलिए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

15 जून को बिभव कुमार को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 14 जून को हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। हाई कोर्ट बिभव की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई एक जुलाई को करेगा। तीस हजारी कोर्ट ने 7 जून को बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलो दिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था।

## पति-पत्नी ने की खुदकुशी, जांच जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की पाइप लाइन से महिला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस की टीम पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए आला अधिकारी भी मौके पर जांच के लिए पहुंचे। क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से निरीक्षण कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। महिला और उसके पति दोनों ने आत्महत्या कर जान दे दी। पति का शव न्यू उस्मानपुर इलाके के एक मकान से बरामद हुआ है,जबकि पत्नी का शव शास्त्री पार्क में यमुना खादर के दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान 27 वर्षीय भास्कर डेका और पत्नी जुमी दास (25) साल के रूप में हुई है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शनिवार सुबह तकरीबन 9:00 बजे शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र के यमुना खादर से गुजर रही दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से लटका महिला का शव मिला, वहीं सुबह करीब 11 बजकर 15 बजे न्यू उस्मानपुर इलाके के करतार नगर के एक मकान में युवक के आत्महत्या की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक ने पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। पूछताछ में पता चला कि युवक मूल रूप से असम का रहने वाला था और वह अपनी पत्नी के साथ दो महीने पहले ही इस मकान में रहने के लिए आया था। आगे की जांच में पता चला कि दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से जिस महिला का शव लटका मिला है। दोनों पति-पत्नी चांदनी चौक स्थित ओमेक्स मॉल में काम करते थे। पति सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत था, जबकि इसी मॉल में उसकी पत्नी हाउसकीपिंग का काम करती थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

**मामला गंभीर**

**पत्नी का शव शास्त्री पार्क में यमुना खादर के दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन से लटका हुआ मिला है**

## बस के नीचे दबकर कर्मचारी की मौत पर फूटा लोगों का गुस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: हरियाणा** के गुरुग्राम में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। सेक्टर-35 स्थित एक कंपनी के बाहर शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे एक कर्मी की बस के नीचे आने से मौत हो गई। बस का पीछा करने के दौरान यह हादसा हुआ है।

**मृतक की हुई पहचान:** हादसे में मारे गए कर्मचारी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला आगरा निवासी मोनू के रूप में हुई है। मोनू रोजाना की तरह शनिवार को भी घर से ड्यूटी के लिए निकला था। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

**गुस्साए कर्मचारियों ने बसों में की तोड़फोड़:** घटना के बाद गुस्साए कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर खड़ी आठ बसों में तोड़फोड़ कर दी। उधर, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर भी पथराव कर दिया। कंपनी के कर्मचारी आरोपी की गिरफ्तारी और मृतक के स्वजन को मुआवजा देने की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होंने ने मृतक के शव को भी कंपनी में ही रखा हुआ है। मामला बढ़ता देख पुलिस ने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद एडीसीपी साइबर क्राइम सिद्धांत जैन और एसीपी विपिन अहलावत मौके पर पहुंचे।

**बवाल**

**टना के बाद गुस्साए कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर खड़ी आठ बसों में तोड़फोड़ कर दी**

## एयरपोर्ट इमिग्रेशन क्लियरेंस के लिए मिलेगी कतारों से मुक्ति



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन क्लियरेंस के लिए अब यात्रियों को कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। भीड़भाड़ व लंबी कतार से छुटकारा दिलाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट के ट्रमिनल तीन पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) का उद्घाटन किया। इससे भारतीय और विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों (ओसीआई) को सुविधा मिलेगी कि वह बिना लाइन में लगे आसानी से, तेजी से और सुरक्षित यात्रा कर सकें। ऐसे यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर अलग से ई-गेट बनाए गए हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि इस सुविधा को चुनने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को विश्वस्तरीय और निर्बाध यात्रा का अनुभव मिलेगा। ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम के तहत भारतीय पासपोर्ट धारक व ओआइसी कार्डधारक ही इन ई-गेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। वह आव्रजन कतारों से बचकर सुगम यात्रा का आनंद ले सकेंगे। आइजीआई एयरपोर्ट भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए एफटीआइ-टीटीपी को शुरू करने वाला देश का पहला एयरपोर्ट बन गया। एफटीआइ-टीटीपी भारत सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को तेज, आसान और अधिक सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**करना होगा ऑनलाइन आवेदन:** इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए लोगों को आनलाइन आवेदन करना होगा। इस सुविधा के लिए वही यात्री आवेदन दे सकता है जिसके पासपोर्ट की वैधता कम से कम छह महीने की हो। आवेदकों को अपने बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और चेहरे की छवि) जमा करवाने होंगे। इस पंजीकरण प्रक्रिया में एक महीने तक का समय लग सकता है।

**एयरपोर्ट पर लगाए गए हैं आठ ई-गेट**

आइजीआई एयरपोर्ट पर एफटीआइ-टीटीपी के लिए आठ इलेक्ट्रॉनिक ई-गेट लगाए गए हैं। इनमें से चार गेट आगमन के लिए होंगे और चार गेट प्रस्थान के लिए होंगे।

इस सुविधा का इस्तेमाल वही यात्री कर सकते हैं, जो इसके लिए पंजीकृत होंगे। उन्हें क्लियरेंस के लिए चेक प्वाइंट पर लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा।

**सुविधा**

**आइजीआई एयरपोर्ट पर एफटीआइ-टीटीपी के लिए आठ इलेक्ट्रॉनिक ई-गेट लगाए गए हैं**

## गांधी नगर मार्केट में अतिक्रमण पर चलेगा निगम का बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पुश्ता रोड के नीचे की तरफ गांधी नगर मार्केट की गली पर कब्जा कर बने अवैध गोदाम तोड़े जाएंगे। जिन दुकानदारों के गली के ऊपर आने-जाने के लिए लोहे का जाल डाल रखा है, उसे हटाया जाएगा। नगर निगम इस अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपना रहा है। निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन के अतिक्रमण करके बैठे दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस दे रहा है। कैलाश नगर की तरफ से इसकी शुरूआत की गई है। नोटिस में दुकानदारों को 48 घंटे के भीतर पक्ष रखने का मौका दिया है। निगम ने नोटिस में चेतावनी दी है कि जवाब न आने पर माना जाएगा कि किसी के पास कहने को कुछ नहीं है। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी स्ट्रक्चर या सामान को नुकसान पहुंचेगा तो दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रास्ता बनाने के लिए लोहे का जाल डाल दिया:** पुश्ता रोड पर ही दिल्ली-हाईवे सहारनपुर हाईवे का निर्माण हो रहा है। निगम के मुताबिक, पुराने सरकारी रिकार्ड में पुश्ता रोड के किनारे के एक गली थी। गली के बाद बाद गांधी नगर मार्केट की दुकानें शुरू होती थी।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 23 जून 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# हरियाणा का 23वां जिला बनेगा गोहाना: मुख्यमंत्री

## प्रदेश की एससी और ओबीसी की धर्मशालाओं के लिए भी 100 करोड़ रुपए जारी करेंगे: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना में संत कबीरदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश का 23वां जिला गोहाना होगा। गोहाना में इसके लिए कमेटी बनाई जा चुकी है। कमेटी के नॉर्म्स पूरे होते ही गोहाना को जिला बनाने की घोषणा कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री सैनी ने शनिवार को कहा कि गोहाना से जींद रोड तक बाइपास बनाएंगे, इसके लिए भूमि की तलाश की जा रही है। जल्द ही प्रदेश की एससी और ओबीसी की धर्मशालाओं के लिए भी 100 करोड़ रुपए जारी करेंगे। मुख्यमंत्री ने जिले की धानक समाज की शिक्षा आवास और छात्रावास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की।सीएम ने सभी को संत कबीर दास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीर वाणी का हर शब्द प्रेरणा देता है। आज भी उनके के दोहे जीवन का सच बयां करते हैं।





सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले कि जब से उन्होंने कुर्सी संभाली है, तब से कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि सरकार अल्पमत में है। जबकि उन्हें पता है कि सदन में विपक्ष की भूमिका पर लोग सवाल उठा रहे हैं। विपक्ष का एक भी दल एकजुट नहीं है। कांग्रेस के विधायक पार्टी छोड़ रहे हैं, यही हाल जजपा का है। यदि विपक्ष के पास बहुमत है, तो वह विधायकों को लेकर गवर्नर के यहां परेड कराएं। नायब सैनी ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के द्वारा सीएम आवास को संत कबीर कुटीर का नाम दिए जाने की तारीफ करते हुए कहा कि कबीर दास ने बिना किसी जात-पात रूढ़ियों पर प्रहार किया था, वैसे ही चंडीगढ़ में सीएम आवास नहीं संत कबीर कुटीर है। संत कबीर कुटीर में सभी की चिंता की जाती है। यहां हर आने वाले की बात सुनी जाती है, और न्याय दिया जाता है।

सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने सभी वर्गों का चहुंमुखी विकास किया है।

पूर्व सीएम मनोहर लाल ने आयुष्मान योजना का विस्तार किया। चिरायु योजना हरियाणा के तहत 5 लाख का इलाज फ्री दिया। हमने आपकी बेटी हमारी बेटी योजना शुरू की। अब इस योजना के तहत बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपए हरियाणा सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं।

**ऐलान**

- कमेटी बनाई है, नॉर्म्स पूरे होते ही गोहाना को जिला बनाने की घोषणा करेंगे
- चंडीगढ़ में सीएम आवास नहीं संत कबीर कुटीर है
- धानक समाज की शिक्षा आवास और छात्रावास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा

# बुनियादी ढांचा विकास के लिए 126 करोड़ मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत 126 करोड़ रुपये लागत की 22 प्रमुख परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से हिसार, जींद, कैथल और सिरसा जिलों में बुनियादी ढांचे का विकास कराया जाएगा। हिसार के गांव सिसाय में 14.25 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत बालसमंद शाखा से पानी की व्यवस्था की जाएगी। यह योजना जल जीवन मिशन के अनुरूप है। इसके अलावा 3.90 करोड़ रुपये और 1.50 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से नारनौंद और हांसी में विभिन्न ढाणियों में घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) किए जाएंगे।

इसी तरह से 4.10 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि 46.59 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के (मंडी डबवाली और कालांवाली) गांवों भारूखेड़ा, चोरमार खेड़ा, देसू जोधा, गदराना, हबुआना, जोत्तांवाली, खतरावान, मंगियाना, मसीतां, नौरंग और सुखचैन को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बढ़ी हुई जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से 13.65 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा जिले के झोड़ा रोही, गिदरांवाली और रगुआना (कालांवाली) गांवों के ग्रामीणों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) की बेहतर पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

**व्यवस्था**

- 14.25 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना के तहत बालसमंद शाखा से पानी की व्यवस्था की जाएगी

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस की विकृत मानसिकता का उदाहरण हैं सांसद जयप्रकाश: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री कविता जैन ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिसार से सांसद चुने गए जयप्रकाश द्वारा चौधरी बंसीलाल की विरासत पर दिए गए बयान की कडी निंदा करते हुए कहा है कि कांग्रेस महिला विरोधी मानसिकता वाले लोगों से भरी हुई है और सांसद जयप्रकाश इस विकृत मानसिकता के ताजा उदाहरण हैं। जारी बयान में पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने कहा कि कांग्रेसी सांसद जयप्रकाश का व्यवहार पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना है। संविधान में भी घर की बहू-बेटियों को बराबर अधिकार दिए गए हैं। इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी को देश की जनता ने हमेशा पूरा मान-सम्मान दिया। क्या केवल कांग्रेस की महिला नेत्रियों को ही विरासत सम्भालने का अधिकार है? कांग्रेस में इतने बड़े स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद कांग्रेसी सांसद की सोच महिलाओं को लेकर उनके नैतिक मूल्यों की गिरावट को दशार्ती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि खुद चौधरी बंसीलाल ने अपनी राजनीतिक विरासत को घर की बहू-बेटी को सौंपते हुए समाज और राजनीतिक दलों के सामने बड़ा उदाहरण पेश किया था। आज समझ आ रहा है कि कांग्रेस महिला संकीर्ण मानसिकता के चलते 33% महिला आरक्षण का बिल नहीं लेकर आई। उन्होंने कहा कि महिला विरोधी मानसिकता को दिखाने वाले सांसद जयप्रकाश को माफी मांगनी चाहिए और कांग्रेस को भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### हमलावरों ने की युवक के सिर में ईंट मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** सैनिक कॉलोनी पुलिस चौकी के अंतर्गत बांगा चौक पर रेहड़ी लगाने वाली एक बुजुर्ग महिला के सामने उसके बेटे के मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उसकी मौत हो गई। महिला हमलावरों से मिन्नतें करती रही, लेकिन मानने की बजाए हमलावरों ने बुजुर्ग महिला के साथ भी मारपीट की। शनिवार को थाना डबुआ में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुछ दिन पहले मृतक ने आरोपित को गाली दे दी थी। तब भी झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर आरोपित रंजिश रखे हुए था। अब पुलिस जांच कर रही है। आरोपितों की धरपकड़ की जा रही है। नेहरू कॉलोनी के मोची मोहल्ला में रहने वाली कमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बांगा चौक पर रोटी-सब्जी की रेहड़ी लगाती है। उसके छह बेटा और एक बेटी है। 22 वर्षीय सबसे छोटा बेटा मोहन अविवाहिता था। वह उसके साथ रेहड़ी पर काम में हाथ बंटाता था। शुक्रवार रात को वह रेहड़ी पर खाना बना रही थी। तभी वहां नेहरू कॉलोनी निवासी मुन्ना आया। उसने मोहन पर हमला कर दिया। पूछने पर बताया कि तीन-चार दिन पहले मोहन ने उसे गाली दी थी। मुन्ना ने अपने दोस्त को बुला लिया। उसने बताया कि वह हमला करने वाले दोनों आरोपितों से मिन्नतें करती रही, बेटे के साथ मारपीट न करने की गुहार लगाती रही। बीच-बचाव किया लेकिन आरोपित नहीं माने। उन्होंने एक ईंट उठाकर बेटे के सिर में दे मारी। बेटे का सिर फट गया और वह अचेत हो गया। हमलावर भाग गए। उसने बेटे को बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उसकी मौत हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अध्यापकों ने मंत्री बनवारी लाल से मुलाकात कर सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** अध्यापकों ने जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल से मुलाकात कर उन्हें अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। अध्यापकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि सामान्य तबादले की प्रकिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। ट्रांसफर पोर्टल खोला जाए और सभी वर्गों का ट्रांसफर किया जाए, ताकि नए सत्र से विद्यालयों में शिक्षक अपना कार्यभार संभाल सकें।
टीजीटी और पीजीटी अध्यापकों ने शनिवार को जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल से मुलाकात की और एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सामान्य तबादले की प्रकिया जल्द से जल्द शुरू की जाए।

# फ्रैक्कर गैंग का मुखिया कुल्लू सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबादः अपराध शाखा सेंट्रल पुलिस ने फ्रेक्कर गैंग के मुखिया कुलभूषण उर्फ कल्लू सहित तीन आरोपियों को लूट व लड़ाई झगड़े के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलभूषण पर लड़ाई झगड़े,धमकी,लूट पाट, फिरौती व हत्या के कुल 15 मुकदमे दर्ज है, जबकि आरोपी विकास उर्फ विक्की पर लड़ाई झगड़े हत्या धमकी व लूटपाट के 7 मुकदमें दर्ज है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी कुलभूषण उर्फ.कुल्लू गाँव नचौली फरीदाबाद का रहने वाला है व फ्रैक्कर गैंग का मुखिया है व विकास उर्फ विक्की भी फ्रैक्कर गैंग का सदस्य है। आरोपी कुलभूषण उर्फ कुल्लू व विकास उर्फ विक्की आदतन अपराधी है। कुलभूषण पर लड़ाई झगड़े,धमकी,लूट पाट, फिरौती व हत्या के कुल 15 मुकदमे दर्ज है व आरोंपी विकास उर्फ विक्की पर लड़ाई झगड़े हत्या धमकी व लूटपाट के कुल 7 मुकदमे दर्ज है। आरोपी पारस व अमन के खिलाफ 2 अभियोग लड़ाई झगड़े के दर्ज है। क्राइम ब्रांच सेंट्रल फरीदाबाद की टीम ने आरोपियों द्वारा लड़ाई झगड़े व लूट की वारदात पर थाना भूपानी में दर्ज मुकदमा में कसौली हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया।

# कांग्रेस की सोच हमेशा महिला विरोधी: अर्चना गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: भारतीय ज**नता पार्टी की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने हिसार लोकसभा सांसद जयप्रकाश के महिला विरोधी बयान पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। अर्चना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को अपमानित और प्रताड़ित किया है। जयप्रकाश ने शर्मनाक बयान दिया कि चौधरी बंसीलाल की विरासत किरण चैधरी और श्रुति चौधरी को कैसे मिल सकती है। ऐसे नेताओं की प्रताड़ना से तंग आकर ही आज किरण चौधरी और श्रुति चौधरी को कांग्रेस छोड़ने के लिए मजबूत होना पड़ा। अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारत मां, अंबा, दुर्गा और सरस्वती का देश है, ये अहिल्याबाई का देश है, इस देश ने हमेशा ही महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन कांग्रेस नेता महिलाओं के



खिलाफ बयान देने से जरा भी हिचकिचाते नहीं। भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने यहां भाजपा मंगल कमल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महिलाओं को नीचा दिखाने वाले बयान पर सांसद जयप्रकाश और कांग्रेस पार्टी दोनों ही माफी मांगें। अर्चना ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार हैं और महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में भाजपा सहन नहीं करेगी। अर्चना गुप्ता ने कहा कि जयप्रकाश बताएं कि इंदिरा गांधी बिना किसी विरासत के प्रधानमंत्री बनी थी क्या, क्या सोनिया गांधी बिना किसी विरासत के इटली से भारत में आकर इतनी मजबूत महिला बनी, क्या प्रियंका गांधी कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव बिना किसी विरासत के बनी हैं। जयप्रकाश को बयान देने से पहले अपने अंदर झांकना चाहिए था। कांग्रेस और जयप्रकाश दोनों ही महिलाओं से माफी मांगें। अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा में हमेशा महिलाओं का सम्मान होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। भाजपा ही राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लेकर आई। आज पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों के कारण ही 50 प्रतिशत सरपंच महिलाएं बनी हुई हैं, जिससे महिलाओं को खुद में ही सशक्तिकरण का अहसास होता है। पत्रकार वार्ता में उनके साथ महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दांगी, भाजपा नेत्री राजबाला एडवोकेट, जिला महामंत्री आशा शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सनी शर्मा, मनोनीत पार्षद अमित बंसल आदि उपस्थित रहे

# सांसद जयप्रकाश पुरूष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त हैं: सुनैना चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला ने हिसार से कांग्रेस के सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी द्वारा विरासत महिलाओं की नहीं, पुरूषों की होती है जैसे दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जयप्रकाश पुरुष प्रधान मानसिकता से ग्रस्त हैं। जेपी शायद यह भूल गए है कि जिस कांग्रेस पार्टी से वो संबंध रखते हैं उस पार्टी की कमान संभालने वाली इंदिरा गांधी ही थी। उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मृत्यु के बाद सोनिया गांधी ने कांग्रेस पार्टी की कमान संभाली। वो दोनो ही महिला थी। सांसद जयप्रकाश द्वारा इस तरह से महिलाओं पर ओछी टिप्पणी करना बेहद अशोभनीय और निंदनीय है। यह उनकी उनकी छोटी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने जैसे कहा कि पुरुष ही विरासत को संभालते हैं तो वो इस बात का भी ध्यान रखें कि पुरूष को पैदा करने वाली भी महिला ही होती हैं। ऐसे नेता कभी भी समान रूप से समाज का विकास नहीं करवा सकते क्योंकि वो हमेशा महिला और पुरुष में अंतर रखते हैं। ऐसे लोग महिलाओं को हमेशा अपने पैर की जूती समझते हैं और महिलाओं को निचले पायदान पर रखने का ही काम करते हैं।

**कड़ी निंदा की**

- जेपी भूल गए है कि जिस कांग्रेस प्से वो संबंध रखते हैं उस पार्टी की कमान संभालने वाली इंदिरा गांधी ही थी

# सर्वसम्मति से काजल चुनी गई जिला परिषद पानीपत की अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़**- हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 161 की उपधारा (4) के तहत प्रावधानों के अनुरूप श्रीमति काजल को जिला परिषद पानीपत की अध्यक्षा के रूप में उसके पूर्वाधिकारी की शेष अवधि के लिए अधिसूचित किया है। राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा द्वारा जारी इस आशय की एक अधिसूचना अनुसार 14 जून 2024 को हुए चुनाव में - काजल को सर्वसम्मति से जिला परिषद पानीपत की अध्यक्षा चुना गया था।

# डॉ बनवारी ने विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने आज रेवाड़ी जलघर परिसर में 17 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर को नल से जल देने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम को लागू किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में इस मिशन को सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज नया गांव में एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बन कर तैयार हुए नए जल घर का शुभारंभ किया गया है। इस जल घर के बनने से नया गांव और आसपास रहने वाले ग्रामीणों को उनके घर पर 70 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से नहरी पानी की सप्लाई दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रेवाड़ी जलघर परिसर में करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से नए कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसका आज शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार रेवाड़ी शहर के रामपुरा और वार्ड 24 से 31 तक की आबादी के लिए बनाए गए एसटीपी प्लांट की क्षमता को 6.5 एमएलडी से बढ़ाकर 10 एमएलडी का किया जा रहा है। जिस पर 10 करोड़ 31 लाख 55 हजार की राशि खर्च होगी। इस कार्य का भी आज शिलान्यास हुआ। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि आम जन को पानी बेकार बहाने की बजाय जल का संरक्षण करना चाहिए।

**विकास कार्य**

- आज नया गांव में एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बन कर तैयार हुए नए जल घर का शुभारंभ किया

# हरियाणा में सरकार बनना तय: पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
जींदः कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को शहर के निजी होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, हिसार से सांसद जयप्रकाश पहुंचे। यहां सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र हुड्डा ने अभय सिंह चौटाला के भूपेंद्र हुड्डा के भाजपा के एजेंट के बयान पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा के चुनाव से लेकर राष्ट्रपति के चुनाव में उन्होंने किसके पक्ष में वोट दी थी, सब जानते हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं है।



हुड्डा ने राज्य सभा चुनाव में सदस्य उतारे जाने के सवाल पर कहा कि उन्हें 14 सदस्यों की जरूरत है। अगर उन्हें 14 सदस्य मिलते हैं तो वह सदस्य उतार देंगे।

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में जींद जिला एकमात्र ऐसा है, जहां से तीन-तीन सांसद कांग्रेस को दिए हैं। अब एक मोर्चा तो जीत लिया है। असली मोर्चा तो तीन महीने बाद शुरू होगा, उसकी तैयारी में जुट जाओ।
हिसार से सांसद जयप्रकाश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के परिवार पर जमकर निशाना साधा। जेपी ने पैरवी की कि विधानसभा में भी मेरिट पर टिकट दी जाएं। चौधरी बंसीलाल की विरासत के बयान के बाद कहा कि राजनीति और अफसरी में कोई जेंडर नहीं होता।

**दावा**

- हुड्डा ने राज्य सभा चुनाव में सदस्य उतारे जाने के सवाल पर कहा कि उन्हें 14 सदस्यों की जरूरत है

# सोनीपत: सरकारी बस के चालकों व परिचालकों को जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** हरियाणा रोडवेज की सरकारी बस चालकों व परिचालकों को प्राइवेट बस के एक मालिक द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शनिवार को सोनीपत रोडवेज डिपो महाप्रबंधक को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। चालक बिल्लू, धर्मेंद्र, शोभराम, राजेश व परिचालक कुलदीप, रोहतास, सुनील, दलबीर ने शिकायत में बताया कि वे सरकारी बसों को सोनीपत से रोहतक रूट पर चलाते हैं। इस रूट पर प्राइवेट बस भी चलती हैं। प्राइवेट बस का एक मालिक सरकारी बसों को रास्ते में रोककर चालकों व परिचालकों के साथ गाली गलौज करके, हाथ पैर तोड़ने की धमकी देकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। सरकारी बसों को उसके काउंटर टाइम पर भी नहीं लगने दिया जा रहा है। जिसके कारण न केवल उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंच रही है, बल्कि सरकारी कार्य में बाधा डालने पर विभाग को आर्थिक हानि हो रही है। प्राइवेट बस मालिक के खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए ताकि सरकारी बसों के चालक व परिचालक विभाग के हित में ठीक प्रकार से अपनी ड्यूटी दे सकें।

**शराब ठेकेदार को दी जान से मारने की धमकी:** एक शराब ठेकेदार को एक युवक द्वारा खांडा सिसाना जोन के ठेके नही लेने के लिए फोन पर धमकी दी गई है। यदि वह नए ठेके लेने के लिए फॉर्म भरेगा तो उसे गोली मार देंगे। खरखौदा के वार्ड संख्या-7 निवासी ठेकेदार प्रवीन कुमार ने बताया कि खांडा सिसाना जोन में शराब के ठेके का समय समाप्त हो चुका है। उसके पास इस क्षेत्र में ठेके न लेने के लिए फोन आ रहे हैं। यदि उसने इस क्षेत्र में नए ठेके लेने के लिए फॉर्म भरा तो उसे गोली मार दी जाएगी। अज्ञात युवक द्वारा दी गई धमकी के बारे में ठेकेदार प्रवीन कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है।

# विस चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर करें मेहनत: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/हिसार:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अब विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनावों के लिए संघर्ष करें कड़ी मेहनत करें जीत आपकी होगी और सरकार भी आपकी ही होगी। कुमारी सैलजा ने शनिवार को उकलाना में हलके के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब विधानसभा में जीतने के लिए संघर्ष और कड़ी मेहनत करने का समय आ गया है।




सभी ने लोकसभा चुनावों की भांति एकजुट होकर विधानसभा चुनाव जीतना है तभी हमारी सरकार बनेगी और आप लोगों की उम्मीदें पूरी हो सकेंगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि उकलाना हलका उनका अपना घर है। इस हलके के लोग मेरा परिवार है। कुमारी सैलजा ने कहा कि मेरे पिता चौ. दलबीर सिंह से लेकर अब तक मुझे आप लोगों का जो प्यार मिलता रहा है उसके लिए आज आपका धन्यवाद करने आई हूं। हालांकि धन्यवादी दौरे सिरसा लोकसभा के सभी नौ विधानसभा हलकों में किए पर उकलाना में इसलिए कि यह मेरा अपना घर है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राजनीति में संघर्ष के बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता और अब आप लोग विधानसभा चुनाव जीतने के लिए एकजुट होकर संघर्ष शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में क्या होना है यह तो हाईकमान तय करेगा पर किसी की पुरानी सोच ठीक नहीं हो रही तो हम क्या करें। हमने तो संघर्ष करना है। लोगों की सेवा की है और आगे और ज्यादा करनी है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी सभी को उम्मीदें होती है, बीजेपी की सरकार ने लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की बजाय उन्हें परेशान किया है। आए दिन पेपर लीक हो रहे है। इससे देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। किसानों व मजदूरों को इस सरकार ने परेशान किया हुआ है। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। जीएसटी की आड़ में व्यवसाय खत्म कर दिए है, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। बीजेपी सरकार ने प्लॉटों की रजिस्ट्रियां बंद करके लोगों को परेशान किया है और इस काम से जुड़े हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। इसी प्रकार तरह तरह की आईडी के चक्कर में लोगों को ऐसा डाल रखा है कि लोग अपने कामकाज छोड़ कर दफ्तरों के चक्कर लगाते है और वहां पर अधिकारी व कर्मचारी लोगों की सुनवाई नहीं करते।

**आह्वान**

- देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। जीएसटी की आड़ में व्यवसाय खत्म कर दिए है, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।

## न्यूज फ्लैश

### नेचर गोन वाईल्ड का प्रीमियर 24 जून को History TV18 पर




नई दिल्ली। History TV18 की नवीनतम श्रृंखला, Nature Gone Wild के साथ सनसनी से भरपूर रोमांच के लिए तैयार हो जाइए, जिसे प्रसिद्ध गाइड, खोजकर्ता और Emmy Award विजेता Greg Aiello होस्ट कर रहे हैं, जिन्होंने दुनिया के सबसे लुभावने परिदृश्यों की खोज करने और अपने रोमांच को कैमरे पर रिकॉर्ड करने में वर्षों बिताए हैं। 24 जून, सोमवार - शुक्रवार को शाम 6 बजे प्रीमियर होने वाली इस बारह-भाग की श्रृंखला में प्राकृतिक घटनाओं के सबसे आश्चर्यजनक और वायरल वीडियो दिखाए गए हैं, जिसमें भयंकर जानवरों से लेकर चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं, जो दर्शकों को प्राकृतिक दुनिया के अजूबों और खतरों से रूबरू कराती हैं।

अपने खुद के चरम अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए, Greg Aiello इस सीरीज में एक विशेषज्ञ की नजर लेकर आए हैं। प्रकृति उनके जीवन में जो कुछ भी उनके सामने लाई है, उसे रिकॉर्ड करने के बाद, Aiello ने इन असाधारण प्राकृतिक घटनाओं के पीछे के कारणों को उजागर करने के लिए प्रत्येक क्लिप का विश्लेषण किया है। 30 मिनट का प्रत्येक एपिसोड प्रकृति के प्रकोप के दिल में गहराई से उतरता है, जिसमें दुनिया भर की फुटेज दिखाए गई हैं जो जंगली जानवरों की अप्रत्याशितता और शक्ति को दर्शाता है।

### सिन्क्रोनी, 2024 में भारत में काम करने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में दूसरे स्थान पर




**नई दिल्ली।** सिंक्रोनी (एनवाईएसईः एसवाईएफ), एक अग्रणी उपभोक्ता वित्तीय सेवा कंपनी, ने आज घोषणा की कि उसे भारत में काम करने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में मान्यता दी गई है । यह सिन्क्रोनी का लगातार सातवां वर्ष है जब उसे इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जिसने एक सकारात्मक, जन-केंद्रित वर्कप्लेस संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी स्थिति मजबूत की है।रचना बहादूर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, कंट्री हेड इंडिया, सिंक्रोनी ने कहा, यह मान्यता एक बहुत बड़ा सम्मान है और सिंक्रोनी में हमारी मेहनती टीम का प्रमाण है। अपने लोगों में निवेश करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिंक्रोनी में, हम रिश्तों की शक्ति और कार्य-जीवन के लचीलेपन में विश्वास करते हैं। एक स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने से इन रिश्तों को मजबूत करने में मदद मिलती है और हमारे कर्मचारियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने और आगे बढ़ने का अधिकार मिलता है। हमारे सहयोगी, सहकर्मी और भागीदार समान मूल्यों को साझा करते हैं और सही काम करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं, जो हमें एक बेहतरीन टीम बनाता है। चाहे कोई कर्मचारी घर से काम करे या ऑफिस से, उन्हें संगठन के सभी स्तरों पर समान स्तर का प्रोत्साहन और मार्गदर्शन मिलता है। हम इस पुरस्कार को पाकर वास्तव में बहुत खुश और आभारी हैं। यह सम्मान हमें सीमाओं को आगे बढ़ाने और सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल होने का अर्थ फिर से परिभाषित करने के लिए प्रेरित करता है। गौरव सहगल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्सेस - एशिया ने कहा, "हम भारत में सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में दूसरा स्थान पाकर रोमांचित हैं।

# सारंगी की धुन से महकी कला परिषद की शाम, कलाकारों ने जमाया रंग

### विश्व संगीत दिवस के अवसर पर कला कीर्ति भवन में आयोजित हुआ रागनी कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : संगीत का** जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। संगीत के बिना जीवन अधुरा माना जाता है। संगीत न केवल मनोरंजन का साधन माना जाता है, बल्कि संगीत से जीवन रंगीन और आनंदमय बनता है। भारतीय संगीत विविधता में बहुत धनी है, जिनमें शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, पॉप म्यूजिक, फिल्मी संगीत शामिल हैं। संगीत के बिना मानव जीवन की कल्पना करना नामुमकिन लगता है। ये कहना था हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा का। वे विश्व



संगीत दिवस के अवसर पर हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन के प्रांगण में आयोजित रागनी और सारंगीवादन कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोंधित कर रहे थे। भिवानी से लोकगायक इंद्र सिंह लाम्बा और उनकी टीम द्वारा विश्व संगीत दिवस के अवसर पर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिफा सदस्य चंद्रशेखर शर्मा, लोक कलाकार मनोज जाले, रंगकर्मी शिवकुमार किरमच आदि भी शामिल रहे। नागेंद्र शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर कलाकारों का स्वागत किया। मंच का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सारंगीवादन की रही, जिसमें इंद्र सिंह लाम्बा की पूरी टीम ने सारंगी पर विभिन्न धुनों सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया। इतना ही नहीं कलाकारों ने सारंगी के इतिहास के बारे में भी श्रोताओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सारंगी 600 साल पुराना साज है, जिसे लोक कलाकार सहेजकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी प्रस्तुति में कलाकारों ने रागनी प्रस्तुत करते हुए वाहवाही बटौरी। मैं भरण गई थी नीर राम की सूं, जमना जी के तीर राम की सूं रागनी जैसे की कलाकारों ने शुरू की, तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल खुशनूमां हो गया। गंगा जी तेरे खेत में जैसी रागनी से भी इंद्र लाम्बा ने सभी को आनंदित किया। इतना ही नहीं जगत में कोई ना परमानैंट जैसे लोकगीत के माध्यम से इंद्र सिंह की पूरी टीम ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। जो देवे धोखा यार नै वो यार नहीं और गोकुलगढ से चाली रे गुजरिया वा ही गुजरिया मेरे मन में बसी जैसे गीतों ने भी लोगों की भरपूर वाहवाही बटौरी।

## समर कैंप का सफलतापूर्वक हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कम्युनिटी सेंटर** स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सेक्टर-6 कम्युनिटी सेंटर में लगाए जा रहे समर कैंप का समापन हो गया। कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मस्ती के साथ-साथ अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। संस्था के अध्यक्ष पुनीत गुप्ता ने बताया कि सेक्टर-6 कम्युनिटी सेंटर में दो चरणों में समर कैंप लगाया गया, जो पूरी तरह से सफल रहे। अब शाम साढ़े 6 से साढ़े 8 बजे तक बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। कैंप में समर कैंप में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप और खेलों में भाग लेने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कैंप में लॉन टेनिस, रोलर स्केटिंग, फन एक्टिविटी सहित कई गतिविधियां कराई गई। आजकल बच्चे अपना अधिकतर समय मोबाइल में बिताते हैं जिससे उनको भविष्य में कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि उनका ध्यान खेलों की ओर भी लगाएं।

## सरकारी नौकरी के नाम पर 11.95 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दिल्ली पुलिस में** नौकरी के नाम पर करनाल के जानी गांव के एक व्यक्ति के साथ 11.95 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित अपने बेटे की नौकरी लगवाना चाहता था। आरोपी ने अमित शाह और राजनाथ सिंह जैसे नेताओं से संबंध होने का झांसा देकर पीड़ित को ठगी का शिकार बनाया। लडके को बिहार में परीक्षा भी दिलवाई, लेकिन उसके बाद भी लडके की पुलिस में नौकरी नहीं लगी। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी से पैसे मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ऋषिपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि महंत मोनी दास का सोलर पैनल का काम है और मेरे जीजा बिजेंद्र अपने घर सौलर पेनल लगवाना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने महंत मोनी दास से बात की थी। मोनी दास ने मेरे जीजा से कहा था कि वे करनाल में किसी अच्छे व्यक्ति को सोलर पैनल की एजेंसी देना चाहते थे। मेरे जीजा ने मोनी दास को मेरा नंबर दे दिया था। मोनी दास से मेरी बात हुई और उसने मुझे गुडगांव में बुलाया, जहां पर उसने डीलरशिप के लिए 15 लाख की डिमांड की थी, लेकिन मैंने मना कर दिया था। पीड़ित ने बताया है कि कुछ दिन बाद मोनी दास का मेरे पास फोन आया और उसने कहा कि मैं चंडीगढ से आ रहा हूं और आप मुझे ऊचाना के पास ढाबे पर मिला। मैं और मेरा लडका वहां पर गए। मोनीदास ने मुझसे कहा कि मैं तुम्हारे लडके को दिल्ली पुलिस में लगवा सकता हूं, इसके लिए 20 लाख रुपए लगेंगे। आधे पहले और आधे काम होने के बाद। मैं इसका फार्म भर दूंगा और कागजात भेज दो। पीड़ित ने बताया है कि आरोपी ने फोन पर मुझे एक पीडीएफ भेजी और कहा कि मुझे राजनेताओं ने कह रखा है कि आप पार्टी फंड में एक करोड़ रुपए जमा करवा दो।

## गांव नन्हेडा में नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। थाना शहजादपुर क्षेत्र में प्रबन्धक थाना शहजादपुर ने व दुर्गा शक्ति टीम ने गांव नन्हेडा में छात्र/छात्राओं/खिलाडियों को नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया व सभी को नशे से दूर रहने बारे शपथ दिलाई और आसपास के लोगों को



भी इस नशामुक्त अभियान से जुड़ने बारे प्रेरित किया । पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके।

उन्होने कहा कि अम्बाला वासी इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी पुर्ण भागीदारी दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र व भारत देश को नशामुक्त कराने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत्त में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत्त में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके।

युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें। नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना तथा अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है।

## अब 14 सितंबर तक निशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड


**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगराधीश डा. रमन** गुप्ता ने कहा कि यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। पहले 14 जून तक तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितंबर 2024 तक कर दी गई है। नागरिक स्वयं भी यूडीएआई.जीओवी.इन वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए।



आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। आधार कार्ड धारक माईआधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है। आधार कार्ड अपडेट करने से पहले ऑफिशियल वेबसाइट यूआईडीएआई.जीओवी.इन पर जाएं, इसके बाद अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें, अब आधार नंबर डालकर ओटीपी के जरिए लॉगिन करें, अब आपको आधार कार्ड अपडेट करने के विकल्प पर क्लिक करना होगा, एड्रेस के विकल्प का चुनाव करें, इसके बाद प्रोसीड टू अपडेट आधार पर क्लिक करना होगा, अब अपडेट एड्रेस के संबंधित दस्तावेज अपलोड करें। अपडेट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट होने के बाद 14 डिजिट का यूआरएन नंबर जनरेट होगा, इस नंबर को सेव कर लें। कुछ दिनों के बाद आपका आधार अपडेट हो जाएगा। रिक्वेस्ट नंबर के जरिए आप अपना आधार का स्टेटस चेक कर सकते हैं।

## पीपीपी के विशेष शिविर में हुआ 60 में से 45 शिकायतों का निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नागरिक संसाधन** सूचना विभाग द्वारा जिला सचिवालय में परिवार पहचान पत्र से संबंधित डाटा की जांच व अपडेशन के लिये शनिवार को भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 60 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 45 का मौके पर ही निपटारा किया गया। 15 लंबित शिकायतों के जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार आज शिविर में 35 बुजुर्गों की पेंशन संबंधी प्रक्रिया को पूरा किया गया, जिसमें 10 लोगों की जन्म तिथि अपडेट की गई। इन्हें अगले महीने से 3 हजार रुपये पेंशन मिलनी शुरू हो जायेगी। शिविर में 10 शिकायतें आय सत्यापन से संबंधित थीं, जबकि दो लोगों के नाम ठीक किए गए। शिविर में 3 लोगों के बीपीएल कार्ड भी बनाए गए। इन शिविरों में जन्म तिथि वेरिफिकेशन, नाम अपडेट, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, पीपीपी की अन्य त्रुटियों को मौके पर ही दूर किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में अरविंद, अंकित, वेद प्रकाश, प्रदीप का विशेष सहयोग रहा। यह शिविर रोजाना कार्य दिवस मे सुबह 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद ने पुलिस के साथ मिलकर किया नशा मुक्ति अभियान शुरूः डॉ नवीन नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय जाट संसद** के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने पानीपत पुलिस के साथ मिलकर गाँव गाँव जाकर नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत की। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की पूरी टीम लगातार सामाजिक कार्यो को लेकर समाज में हमेशा तैयार रहती है पिछले दिनों पानीपत में ही ज़िला अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज यादव जी के साथ मिलकर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की थी। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया नशा मुक्ति अभियान में हरियाणवी सुपर स्टार भाई बिन्दर दनोदा,अमीत ढुल,निनू सिनंदर व अर्जुन अवार्डी रेसलर सुनील मलिक व इन्टनेशनल कब्बडी प्लेयर व कनाडा के बेस्ट रेंडर भाई रिंकू खरेंटी आदि महशूर सामाजिक व सम्मानित साथी इस मुहिम में साथ है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय में नशा इस कदर गाँव व देहात के साथ साथ शहरों में पैर पसार रहा है जिससे गाँवों में घर के घर बर्बाद हो रहे है जिससे आने वाली नस्ले बचानी बहुत ही मुश्किल हो जाएगी। इसलिए अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने गाँव गाँव जाकर नशा मुक्ति अभियान की मुहिम को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे है।

## बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आर्य समाज** घोघड़ीपुर के तत्वाधान में 7 दिवसीय आर्य वीर एवं वीरांगना दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालक व बालिकाओं को 17 से 23 जून तक शिविर में योगासन, प्राणायाम, जुडो कराटे, लाठी प्रशिक्षण, वैदिक मान्यताएं एवं चरित्र निर्माण के साथ-साथ देशभक्ति व माता पिता तथा समाज सेवा की शिक्षा दी जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में गांव के लडके-



लड़कियां भाग लेकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मौके पर शिविर संयोजक भोपाल सिंह आर्य ने बताया कि हरियाणा में विभिन्न जगहों पर आर्य वीर एवं वीरांगना दल प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे है। आज बच्चों को नैतिक शिक्षा नहीं मिल रही। बच्चे नशे की ओर जा रहे है। आर्य समाज के शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शारीरिक शिक्षा देने के साथ नैतिक शिक्षा देना है, ताकि बच्चे समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझ सके। शिक्षक आर्य मित्र ने कहा कि आज के बच्चों में संस्कारों की कमी है, जिस कारण बच्चे अपने माता-पिता का कहना तक नहीं मानते और गलत दिशा की ओर बढ़ जाते हैं। आर्य समाज द्वारा प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से बालक व बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ देशभक्ति और माता पिता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में बालक-बालिकाओं को शस्त्र चलाने भी सिखाया जा रहा है।

## नित्य योग करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैः मेजर कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः भारतीय योग** संस्थान (पंजी) दिल्ली की सोनीपत इकाई शम्भूदयाल कालेज, विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला पुरखास रोड सोनीपत तथा पुलिस लाईन सोनीपत परिसर, तीनों केन्द्रो ने मिलकर जोन स्तर पर कैप्टन गंगराम संरक्षक अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा की अध्यक्षता में ओम ध्वनि मन्त्रोउच्चारण के साथ आरम्भ किया गया। इस दौरान बिजेन्द्र सिंह मलिक केन्द्र प्रमुख ने सुक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया जैसे ताडासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, श्रीमति मुकेश कुमारी ने अर्धचक्रासन,त्रिकोण आसन



करवाए। सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार पांचाल केन्द्र प्रमुख ने भद्रासन, वक्रासन का अभ्यास करवाया, श्रीमति प्रमिला देवी शिक्षिका ने उष्टासन और शशकासन करवाए, बिजेन्द्र सिंह मलिक, सुदेश दुहन, सुरेन्द्र छिक्कारा ने विभिन प्रकार के आसान करवाए। इस अवसर पर कृष्ण पांचाल मुख्य योग प्रशिक्षक ने कहा कि हमें नित्य योग करना चाहिए,नित्य योग करने से तन और

**आसन**

**डासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, श्रीमति मुकेश कुमारी ने अर्धचक्रासन, त्रिकोण आसन करवाए।**

मन दोनों स्वस्थ रहते है व उम्र भी लम्बी होती है जिससे जीवन का समग्र विकास होता है। पांचाल ने कहा कि योग हमारी प्राचीनतम विद्या है, हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। समारोह के मुख्य अतिथि कैप्टन गंगाराम पांचाल ने सभी साधक व साधिकाओं पर आर्शिवचनों की वर्षा की तथा भारतीय योग संस्था को एक निर्भिक व पारदर्शी संस्था बताया। उन्होने कहा कि यह भारत देश के अन्दर ऐसी एक संस्था है जो निशुल्क और निस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्य करती है। समारोह में एकत्रित हुए सभी साधक व साधिकाओं को आग्रह करते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को योग के लिए प्रेरित करें ताकि आगे आने वाला जीवन सफल हो सकें। इस अवसर पर कृष्ण पांचाल ने कैप्टन साहब का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया, श्रीमति सुदेश दुहन ने प्रार्थना व शान्ति पाठ किया।

## समाधान शिविर में गुलशन कुमार की समस्या का हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश सरकार द्वारा** शुरू किए गए समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के निदान के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। समाधान शिविर में न्यू प्रेम चंद कॉलोनी करनाल निवासी गुलशन कुमार परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा होने की समस्या को लेकर शिविर में पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी समय से उनके परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय



अधिक दिखा रहा था, जिस कारण उन्हें बीपीएल कार्ड व आयुष्मान कार्ड जैसी सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रशासन ने उनकी समस्या का संज्ञान लेते हुए समस्या को हल कर दिया तथा मौके पर ही उनकी फैमिली आईडी में फैमिली इन्कम ठीक कर दी और साथ के साथ ही बीपीएल कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया। बीपीएल कार्ड बन जाने पर गुलशन कुमार ने कहा कि वह समस्या को लेकर बहुत दिनों से परेशान थे। लेकिन आज समाधान शिविर में आने पर उनकी समस्या का हाथों-हाथ समाधान हो गया। इस के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया।हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविरों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

## संपादकीय

# किसानों व गरीबों के साथ, एनडीए की सरकार

**18वीं** लोकसभा के गठन तथा शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार ने अपना कामकाज प्रारम्भ कर दिया है। कठिन चुनौतियों में भी अवसर खोजने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संकल्प पत्र अमल में लाकर राजनैतिक गणित ठीक करने का अभियान भी आरम्भ कर दिया है। राजनैतिक विश्लेषकों का कहना है कि नए दौर की भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है। वो बात अलग है कि चुनावों में कभी सफलता मिलती है और कभी नहीं भी मिलती।

वर्तमान लोकसभा में भाजपा को 241 सीटें प्राप्त हुई हैं। उसे उप्र, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में अच्छा खासा नुकसान हुआ किंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तनिक भी विलम्ब न करते हुए भाजपा ने सबकुछ ठीक करने के लिए कमर कर कर अभियान आरम्भ कर दिया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर करके किसानों की सम्मान निधि की अगली किश्त को मंजूरी दी। वहीं, कैबिनेट ने अपनी बैठक में गरीबों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी 7 में भाग लेने के लिए इटली गये, वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे। साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले। अभी जब विपक्ष यही दिखाने में जुटा हुआ है कि इस बार भाजपा का अपने दम पर बहुमत नहीं है तब भाजपा मतदाता अभिनंदन यात्रा के माध्यम से यह बताने के लिए जुट गई है कि ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर जनता ने भाजपा को ही दिया है। आंकड़ों के अनुसार विगत चुनावों में भाजपा के पास ग्रामीण इलाके की 201 सीट थीं जबकि पार्टी इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 126 सीट ही जीत पाई है। माना जा रहा है कि किसानों, युवाओं और महिलाओं का एक बड़ा वर्ग इस बार किसी न किसी कारण से भाजपा से नाराज हो गया जिससे उसकी सीटें काफी कम हो गयी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नाराज मतदाता को मनाने के साथ कई समीकरण साधने व संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता, लोकतंत्र के सामर्थ्य, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है. मैं यहीं का हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है और सरकार बनते ही सबसे पहले और सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा फैसला लिया है।

# संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम

ललित गर्ग

> भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे

**संगीत** मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना।

संगीत दिवस को ह्यफेटे डी ला म्यूजिकह्न के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है ह्यसंगीत उत्सवह्न। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में सपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है ह्य विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।



भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्त्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है। वैदिक काल में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि उस समय संगीत चिकित्सा शिखर पर रही होगी। ऊं का नाद स्वर इसी संगीत चिकित्सा का सर्वोपरि उदाहरण है। संगीत के हर राग में रोग निरोधक क्षमता है। राग पूरिया धनाश्री अनिद्रा दूर करता है, तो राग मालकौंस तनाव से निजात दिलाता है। राग शिवरंजिनी मन को सुखद अनुभूति देता है। राग मोहिनी आत्मविश्वास बढ़ाता है। राग भैरवी ब्लड प्रेशर और पूरे तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित रखता है। राग पहाड़ी स्नायु तंत्र को ठीक करता है। राग दरबारी कान्हड़ा तनाव दूर करता है तो राग अहीर भैरव व तोड़ी उच्च रक्तचाप के लिए कारगर है। दरबारी कान्हड़ा अस्थमा, भैरवी साइनस, राग तोड़ी सिरदर्द और क्रोध से निजात दिलाता है।

आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं। कुल मिलाकर संगीत हमारी आत्मा में इस तरह रच-बस चुका है कि इसके बिना जीवन की कल्पना ही व्यर्थ है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि मधुर संगीत आत्मा के ताप का नाश कर सकता है।

हमारे सुख-दुःख का साथी है संगीत, जो स्नेहसिक्त क्षणों में हमें अपनी बाहों में भर लेता है और पीड़ा के समय किसी अच्छे-सच्चे मित्र की तरह हाथ थामे साथ चलता है।

आपका सबसे प्रिय गीत आपके एक खराब दिन और मूड को सामान्य कर देने की क्षमता रखता है और आपको विश्वास होने लगता है कि दुनिया उतनी भी बुरी नहीं जितना कि कुछ पल पहले आप महसूस कर रहे थे। स्मृतियों के सुनहरे पृष्ठ भी संगीत की धुन पर अपनी थाप देने लगते हैं। आपकी कोमल भावनाओं की सहज, सुन्दर अभिव्यक्ति है, संगीत। इन्हीं पलों को उल्लास के साथ जीने के लिए प्रेरणा देता है विश्व संगीत दिवस।

## कविता

दोस्त क्या बे  वफा हो गया
जीस्त का तज्रिबा  हो गया

दर्दे- दिल की दवा हो गया
मरहबा वो मेरा हो गया

मैं परेशाँ हूँ उस के लिए
उस को कैसे पता हो गया

दो बदन एक जाँ अब नहीं
दरमियाँ फासला हो गया

हो गया वो खफा वाकई
यार ये तो बुरा हो गया

हर घड़ी रहता है मुज्महिल
मेरे इस दिल को क्या हो गया

उँगली पर कह नचाऊँ तुझे
दिल तेरा अब मेरा हो गया

मिट गया मैं, नहीं इस का गम
खुश हूँ तेरा भला हो गया

जकी तारिक

# महिलाओं के अवैतनिक श्रम का अनदेखा बोझ

विजय गर्ग

**विश्व** स्तर पर, महिलाएं अवैतनिक देखभाल कार्यों पर महत्वपूर्ण समय बिताती हैं, जिससे श्रम बाजार में उनकी भागीदारी सीमित हो जाती है और आर्थिक स्थिरता प्रभावित होती है 60 के दशक की शुरूआत में जब कनाडाई लघु कथाकार एलिस मुनरो, जिनकी हाल ही में मृत्यु हो गई, ने कुछ सफलता अर्जित की, तो एक अखबार ने उन पर एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें एक कृपालु शीर्षक था 'गृहिणी जो लघु कथाएँ लिखने के लिए समय निकालती है'। मजाक ऐलिस को पसंद नहीं आया और उसने 2013 में साहित्य में नोबेल जीता। जबकि 2023 में अर्थशास्त्र में एक और नोबेल विजेता, क्लाउडिया गोल्डिन ने अपने शोध में बताया कि एक महिला का व्यवसाय हमेशा उसकी पसंद से निर्देशित नहीं होता है, बल्कि, अधिक बार होता है। 'लंबे समय से चली आ रही सामाजिक प्रवृत्तियों' द्वारा, जो उसके चारों ओर 'घरेलूपन के पंथ' का निर्माण करती है, एक अवैतनिक देखभालकर्ता के रूप में उसकी भूमिका को आदर्श बनाती है। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि महिलाएं कुल घंटों का लगभग 76.2 प्रतिशत, पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक, अवैतनिक देखभाल कार्य (आईएलओ) पर खर्च करती हैं। सभी क्षेत्रों में से, प्रशांत और एशिया सबसे खराब स्थिति पेश करते हैं, जहां पुरुष अवैतनिक देखभाल कार्य का सबसे कम हिस्सा (1 घंटा और 4 मिनट) करते हैं। 2018 में, 606 मिलियन कामकाजी उम्र की महिलाओं ने निराशा व्यक्त की कि वे अवैतनिक देखभाल कार्य के बोझ के कारण श्रम बाजार में प्रवेश करने में विफल रहीं, जो कि केवल 41 मिलियन पुरुषों के लिए मामला था। मौद्रिक मूल्य के संदर्भ में, कुछ देशों (क्छड) में महिलाओं का अवैतनिक कार्य सकल घरेलू उत्पाद के 40 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। सामाजिक वैज्ञानिकों का तर्क है कि बच्चे पैदा करना, साथ ही शादी से अधिक बच्चों की उम्र और संख्या, महिलाओं के प्रवेश में बाधा डालती है। श्रम बाजार में. महिलाओं (25-54 वर्ष की आयु) को श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में व्यापक असमानता का सामना करना पड़ता है, जो पुरुषों के 90.6 प्रतिशत (विश्व बैंक, 2022) के मुकाबले केवल 61.4 प्रतिशत है। जबकि, अकेले महिला परिवारों में, जहां कम से कम 6 वर्ष से कम का एक बच्चा है, आर्थिक मजबूरी महिलाओं की एलएफपीआर को लगभग 65.8 प्रतिशत तक बढ़ा देती है, लेकिन, जब माताएं एक साथी और एक छोटे बच्चे के साथ रहती हैं, तो यह घटकर 48.7 प्रतिशत हो जाती है। 'पुरुष ब्रेडविनर' सिंड्रोम प्रबल है ( इसके बावजूद, 'कमाई कमाने वाली माताएँ' भी घर पर भारी बोझ उठाती हैं, भले ही वे अपने पतियों से अधिक कमाती हों' (प्यू रिसर्च सेंटर)। जबकि, संयुक्त राज्य अमेरिका में 'मातृत्व दंड' बहुत अधिक प्रचलित है (हार्वर्ड, 23)। 'माताओं को गैर-माताओं की तुलना में छह गुना कम और बच्चे-मुक्त पुरुषों की तुलना में 3.35 गुना कम संभावना है कि उन्हें नौकरी के लिए अनुशंसित किया जाए।

## विचार

# भ्ष्टाचांर का नीट लेकिन सियासत जारी

राकेश अचल

**नीट परीक्षा के** प्रश्नपत्रों का लीक होना इस देश के लिए शायद कोई बड़ी समस्या नहीं है। इस मसले पर सियासत करने वाले ढीट हैं और सरकार असहाय। हालांकि मामला देश की सबसे बड़ी अदालत के साथ ही तमाम जांच एजेंसियों के पाले में है ,फिर भी इस मसले पर देश के प्रधानमंत्री मौन हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कश्मीर में योगासन लगा रहे हैं ,सेल्फियां ले रहे है। वे नीट भ्ष्टाचांर के गढ़ बिहार में नालंदा विश्व विद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन भी कर आये ,लेकिन नीट पर वे कुछ नहीं बोल रहे। वे मणिपुर के मामले में भी कहाँ बोले थे ? उन्हें तो हौआ खड़ा करना आता है । मंगलसूत्र लूटने का हौवा,भैंस खोले जाने का हौवा ,मुसलमानों का हौवा। गनीमत है की उनकी सरकार के मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जरूर बोल रहे हैं ,लेकिन वे क्या बोलते हैं ,किसी की समझ में नहीं आता।

नीट परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के लीक होने के मामले में किसी के पास नया कुछ नहीं है कहने के लिए। मेरे पास भी नहीं ,लेकिन एक नयी बात ये है की देश में जितनी भी परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक होते हैं वे अक्सर उन राज्यों में हो रहे हैं जहाँ डबल इंजिन की सरकारें हैं। बिहार के दुस्साहस को देश वैसे ही परनाम करता हूँ । यहां चारा घोटाले से लेकर नीट घोटाला तक करने वाले लोग रहते है। लेकिन इससे पहले बाबा आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश भी पेपर लीक के मामले में विशेष कौशल हासिल कर चुका है। हमारा मध्यप्रदेश तो इस मामले में सबसे आगे है। यहां डाक्टर से लेकर पटवारी परीक्षा तक के पेपर लीक होते हैं और परीक्षाओं तक में घोटाले हो जाते हैं ,लेकिन कोई ईडी या सीबीआई यहां जांच करने नहीं आती।दुर्भाग्य ये कि इस मामले में कोई भागवत सरकार को बोलने के लिए नहीं कहता। कोई इंद्रेश कुमार घोटालों कि पालनहार सरकारों को उपदेश नहीं देता ।

नीट परीक्षा के प्रश्न -पत्र हों या किसी अन्य परीक्षा के उन्हें लीक करने का एक सुगठित व्यवसाय देश के अनेक राज्यों में चल रहा है । किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सुचिता की कोई गारंटी इस देश में कोई नहीं दे सकता । आम चुनाव के वक्त भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने तरह-तरह की गारंटियां जनता के सामने रखीं थीं ,किन्तु किसी ने भी प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र लीक होने की गारंटी नहीं दी। कोई दे भी नहीं सकता । क्योंकि इस मामले में अधिकाँश राजनीतिक दल और उनके नेता,कार्यकर्ता और नौकरशाही शामिल है । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के प्रमुख तेजस्वी यादव के निज सचिव तक का इस घोटाले में शामिल होना इस बात का संकेत देता है कि इस मामले में कोई भी दूध का धुला नहीं है।

दरअसल देश की राजनीति के गर्भ से ही ये भ्ष्टाचांर जन्म लेता है और फिर पूरे समाज में फैल जाता है। केंद्र सरकार हो राज्य सरकारें इस तरह के अनैतिक कारोबार को रोकने के लिए रोज नए कानून बनाती है लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं मिलता। हम यानि हमारा समाज,हमारी राजनीति,हमारी कार्यपालिका,हमारी विधायिका ,हमारी न्यायपालिका में सुचिता सिरे से नदारद है । ठीक वैसे ही जैसे की गधे के सिर से सींग गायब हो गए हैं। आप इस देश की संसद में या विधान सभाओं में लाख कानून बना लीजिये लेकिन जब तक समाज की रगों में बहते भ्ष्टाचांर के काले खून को डायलिसिस कर बाहर नहीं निकालते ,कुछ होने वाला नहीं है। पिछले दो दशक में देश के हर हिस्से में केवल शिक्षा के क्षेत्र में इतने घोटाले हुए हैं कि उनकी गिनती तक करना कठिन है। हम एक बार प्राण-वायु [आक्सीजन ] के बिना जीवित रह सकते हैं लेकिन घोटालों के बिना नहीं।

शिक्षा जगत में होने वाले इन घोटालों की मार देश की उस युवा पीढ़ी को झेलना पड़ रही है जिसे हम और आप देश का भविष्य कहते हैं।इस घोटाले को खाद -पानी वे माध्यम वर्गीय लोग देते हैं जो भ्ष्टाचांर के जरिये होने वाली कमाई से लाखों रुपए देकर प्रश्न-पत्र लीक करने की कोशिश में लगे रहते हैं। चूंकि सब एक ही थैली के चट्टे -बट्टे हैं इसलिए कोई ,किसी को दोषी नहीं मानता दुर्भाग्य की बात ये है कि इस तरह के घोटालों के तार उस गुजरात से जुड़े निकलते हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# ऋतुओं का ऋतुराज वसंत

सुनील कुमार महला

**गर्मी का सीजन है।** जमकर गर्मी पड़ रही है। गर्मी में रायते का सेवन सेहत के लिए अच्छा माना जाता है और इन दिनों पेपर लीक का रायता बिखरा पड़ा है। परीक्षा में रायता फैल रहा है लेकिन ये लीकेज अच्छे हैं। अब सरकार की इससे भले ही सियासी फजीहत हो लेकिन गर्मी में रायता बहुत जरूरी है। अजी पेपर में अनियमितताएं हों तो क्या फर्क पड़ता है, सेहत का ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। भविष्य दांव पर होने से कोई फर्क नहीं पड़ता, वर्तमान दांव पर नहीं होना चाहिए। जय जय नीट, जय जय रीट, जय जय एनटीए। पेपर लीक हो गया लेकिन पेपर लीक का रायता तो खाने को मिल रहा है। भले ही सिस्टम वीक है लेकिन रायता लीक है। ये चूक नहीं पेपर प्राप्त करने की भूख है। ये प्यास है बड़ी, तुमको भला क्या है पड़ी, पेपर लीक की है ये झड़ी। अब पेपर लीक पर बेचारे अभ्यर्थी छिप छिप अश्रु बहा रहे हैं। आंसुओं के मोती व्यर्थ बहा रहे हैं लेकिन उनको गोपालदास नीरज की कविता से प्रेरणा लेनी चाहिए जो कहते हैं –'कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है। रायता बिखर गया तो क्या है, खुद ही हल हो गयी समस्या, आंसू गर नीलाम हुए तो समझो पूरी हुई तपस्या, रूठे दिवस मनाने वालों, कुछ दीपों के बुझ जाने से आंगन नहीं मरा करता है।' चहुंओर बिखरा है पेपर लीक का रायता, जिसमें है फायदा ही फायदा। पेपर लीक से आत्मनिर्भरता आ रही है। ऐसे लोगों को भी डाक्टर, इंजीनियर, टीचर बनने का मौका मिल रहा है, जिनको बेचारों को स्टेज नहीं मिल पा रही थी। पेपर लीक का रायता बिखरने से 'अयोग्य' को भी मौका मिल रहा है। ये विकास नहीं तो क्या है ? इससे अधिक आत्मनिर्भरता भला क्या कभी आ सकती है ? दलालों को धंधा मिला है, विकसित देश का सिलसिला है, यही तो जलजला है, इससे हर कोई फला–फूला है। डार्कनेट पर पेपर लीक का रायता फैला। इससे साबित होता है कि हम वाकई डिजीटलीकरण की ओर बढ़ रहे हैं और शेष हाथ मल रहे हैं। स्साला अब तक हमें दुख होता था कि हम डिजीटलीकरण की दिशा में आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब तक हमें लगता था कि विकास सोया पड़ा है और आत्मनिर्भरता तो एक सपना है। पेपर लीक के रायते ने तो एकदम से वक्त बदल दिया, जज्बात बदल दिया, अजी ! पूरी की पूरी जिंदगी ही बदल दी। अजी! पेपर लीक का रायता क्या फैला एंटी पेपर लीक कानून लागू हो गया है। विकास में कोई कमी है क्या ? अजी ! जब से पेपर लीक का रायता मिला है तब से पेट नहीं फूल रहा है। गर्मी में शरीर पूर्णतया हाइड्रेट रह रहा है। पाचन में तो कोई दिक्कत है ही नहीं। और हां, गैस कब्ज का तो नामोनिशान मिट गया है। ये है रायते का असली फायदा। पेपर लीक का रायता, फायदा ही फायदा। गर्मी बहुत है, भीषण गर्मी को देखते हुए हम भी अब रायता पीने के लिए निकल रहे हैं।

# दिमाग में एक भट्टी सा अनुभव होगा

डॉ. सुरेश कुमार

**गर्मी का हा**ल जानने के लिए कोई आवश्यक नहीं कि आप मौसम विभाग के आंकड़े देखें। बस जरा-सी देर के लिए सड़क पर निकलिए और आपके दिमाग में एक भट्टी सा अनुभव होगा। सड़कों का हाल ऐसा है कि लगता है मानो किसी ने गर्म तवे पर रोटी सेकने के लिए आपको ही 'चप्पल वाली रोटी' बना दिया हो। दिन शुरू होता है सुबह-सुबह की चाय के साथ, लेकिन गर्मी के कारण चाय की चुस्की लेना भी लावा पीने जैसा हो गया है। सूर्यदेवता तो जैसे सुबह से ही सपने में आए विलेन की तरह आपकी जिंदगी को और गर्म बनाने के लिए तत्पर हैं। छत पर जलते तलवों का अनुभव करते हुए, बस वही ध्यान आता है कि इंसान की सहनशक्ति का इम्तिहान लेने का कितना शौक है इस मौसम को। गर्मी का सबसे अच्छा तरीका आपको पता चलेगा आपके पड़ोसियों से।

वह आपको बड़े प्यार से अपने छत पर बुलाएंगे, लेकिन जैसे ही आप छत पर पैर रखेंगे, ऐसा लगेगा कि 'दामाद जी' नहीं बल्कि आप 'दम्मन' के मूर्ति बने जा रहे हैं। उनके चेहरे पर अलग-सी चमक होगी। शायद वो अपनी नई-नवेली एसी की ठंडक का आनंद लेते हुए आपको जलते हुए देख रहे होंगे।

गर्मी का असली आनंद तो बस यात्राओं में होता है। ट्रेन हो या बस, सारा का सारा ध्वनि प्रदूषण एक तरफ, और गर्मी का कहर दूसरी तरफ। बारिश की प्रतीक्षा वाली बातें अब केवल किस्सों में रह गई हैं। अब स्टेशन पर आपके चेहरे पर चमकते पसीने को देख कर बड़ी अम्मा आपसे कहेंगी, बेटा, भगवान का शुक्र है, हमारे जमाने में तो ये हाल नहीं था। फ्रिज का पानी भी अब गर्म हो चुका है। बर्फ की चाहत को पैसों से जोड़ना पड़ता है।

जितना ही बड़े-बड़े दावे होते हैं, बिजली बिल में इतनी कटौती हो गई है, लेकिन जब असली का बिजली बिल आता है, तब आदमी के होश उड़ जाते हैं। आखिर, किस्मत को कोसने का कोई फायदा नहीं। जिस इलाके में आप रहते हैं, वहां बिजली का काम तो वैसे भी 'आवे और जावे' में ही चलता है। अब खाना बनाना भी एक युद्ध जैसा हो गया है। रसोई में जाने का मतलब है 'हल्की-हल्की आग' की धधकती दुनिया में प्रवेश करना।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। गांव जवाहर नगर** के पास सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति ने हिसार के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया हैं। पुलिस ने मृतक के साले की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मृतक के साले सुनील ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव बुचावास का निवासी हैं। 18 जून को वह अपनी बहन के ससुराल जा रहा था, जब वह सतनाली पहुंचा तो जीजा दीनदयाल मिल गया तथा उसके साथ उसका एक साथी प्रीतम भी था। प्रीतम की बाइक बैक कर गांव कुम्हारों की ढाणी के लिए चल दिए। प्रीतम बाइक चला रहा था और जीजा दीनदयाल पीछे बैठा हुआ था। वह भी अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे गांव कुम्हारों की ढाणी के लिए चल दिए। जब हम गांव जवाहर नगर के आगे पहुंचे तो पीछे से एक गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को तेज गति गफलत लापरवाही से चलाता हुआ आया, उसने आते हीं बाइक को टक्कर मारी, टक्कर लगने से जीजा दीनदयाल व प्रीतम रोड पर गिर गए। जीजा दीनदयाल को गंभीर व गहरी चोटें लगी। अज्ञात गाड़ी चालक ने भी अपनी गाड़ी को रोका, फिर वह अपने जीजा को संभालने लगा तो गाड़ी चालक मौके से भाग गया। फिर साधन का इतजाम करके दीनदयाल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सतनाली लाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। फिर वह घायल दीनदयाल को इलाज के लिए रोहतक व रेवाड़ी लेकर गया। इसके बाद वह ईलाज के लिए जिंदल अस्पताल हिसार में करवाया। इलाज के दौरान जीजा दीनदयान ने दम तोड़ दिया।

### सीआईए ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो पकड़े

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। वाहन चोरी** की वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान चोरी की बाइक सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान सिगड़ी निवासी अजय और कपिल के रूप में हुई। आरोपितों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक को बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि आरोपित चोरी की बाइक को बेचने के लिए जा रहे थे। पूछताछ में आरोपितों से तीन बाइक चोरी और एक छीना-झपटी की वारदात का खुलासा हुआ है। आरोपितों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया।

### अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा ।** देश में संचालित शिक्षा केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ("एनबीएफसी") अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।
अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज 31 मार्च, 2024 तक प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों ("एयूएम") के हिसाब से भारत में दूसरी सबसे बड़ी शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी है (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)। वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान इसका दूसरा सबसे अधिक डिसबर्समेंट हुआ और भारत में शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी के बीच अवांस फाइनेंशियल ने वित्तीय वर्ष 2024 में कर के बाद दूसरा सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। कंपनी फुल स्टैक एजुकेशन ऑफरिंग प्रदान करती है। इसमें छात्रों के लिए शिक्षा ऋण से लेकर शिक्षा संस्थानों के लिए ग्रोथ केपिटल जुटाने के लिए एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर लोन भी शामिल है (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट)। छात्र-ऋण - अंतर्राष्ट्रीय और शिक्षा ऋण - घरेलू व्यवसायों के माध्यम से, कंपनी भारतीय छात्रों और पेशेवरों को ऋण और अन्य मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करती है, जिन्हें विदेशों में या घरेलू संस्थानों में अध्ययन करने के लिए भर्ती कराया जाता है। यह भारत में निजी शैक्षणिक संस्थानों को कोलेटरल समर्थित फाइनेंस भी प्रदान करता है। रु 3500 करोड़ तक के सार्वजनिक प्रस्ताव में रु 1000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और सेलिंग शेयरधारक (बिक्री के लिए प्रस्ताव) द्वारा 5 प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के साथ रु 2500 करोड़ तक का बिक्री का प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है।

# राज्यपाल ने समय नहीं दिया तो 25 जून को कुरुक्षेत्र में बैठक कर बनाएंगे रणनीति : झिंडा

**31 मई को कार्यकाल समाप्त होने के बाद भंग कर बिठाएं रिसीवर**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा ने कहा है कि बार बार पत्र लिखने के बाद भी प्रदेश के राज्यपाल उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहे हैं। इससे लगता है कि सरकार मौजूदा एचएसजीपीसी को भंग कर नए चुनाव नहीं करवाना चाहती। उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल ने उन्हें समय नहीं दिया तो हरियाणा शिरोमणि पंथक अकाली दल की बैठक कुरुक्षेत्र में 25 जून को बुलाई जाएंगी। इसमें एचएसजीपीसी की तदर्थ कमेटी को भंग करने के लिए पंजाब एचं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। आज सरदार जगदीश सिंह झिंडा पत्रकारों से डेरा कारसेवा में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार सिख गुरुद्वारा निर्वाचन आयोग से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद कमेटी को भंग कर इस पर रिसीवर बिठाए। 31 मई के बाद एचएसजीपीसी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। उसके बाद अभी तक कमेटी को भंग नहीं किया है। उन्होंने सरकार से कमेटी के चुनाव जल्द करवाकर इस कमेटी का कार्यभार सिख संगत द्वारा निर्वाचित कमेटी को सौंपने की मांग की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख पंथ की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई हैं। इसमें शामिल प्रधान तथा अन्य बड़े पदाधिकारियों ने गोलक के पैसे को अपने हितों के लिए प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए अलग कमेटी की मांग को लेकर उन्होंने अपने साथियों के साथ 22 साल तक संघर्ष किया। जब कमेटी तदर्थ बनी तो इस पर वह लोग काबिज हो गए, जो इस कमेटी का विरोध करते थे। उन्होने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ कमेटी का अठारह माह का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया है। उसके बाद इसका कार्यकाल नहीं बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कमेटी के प्रधान तथा अन्य पदाधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने गुरुद्वारों की गौलक का पैसा राजनीतिक हितों के लिए प्रयोग किया।

## योग द्वारा आत्मा का परमात्मा से मिलन सम्भव है : सतीश हंस जी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। अन्तर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय संत निरंकारी भवन, रेलवे रोड में योग शिविर लगाया गया। संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने बताया कि आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संपूर्ण भारत वर्ष में मिशन की सभी ब्रांचों में योग शिविर लगाए गए। इसी के अंतर्गत करनाल में लगभग तीन सौ अनुयायी को, योग शिक्षिका मनजीत सैनी, जो कि मिशन की ही अनुयायी हैं, द्वारा योग करवाया और योग का महत्व बताया गया। सतीश हंस जी ने बताया कि योग आत्मा से परमात्मा के मिलन में एक सेतु का काम करता है और निरंकारी मिशन की सामजिक शाखा संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन द्वारा 2015 से पूरे भारतवर्ष में यही कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन वास्तव में एक आध्यात्मिक मिशन है, जो आत्मा को परमात्मा से मिलाने के कार्य के साथ साथ अनेकों सामाजिक कार्य जैसे रक्तदान, सफाई अभियान, वननैस वन, स्वच्छ जल अभियान चलाकर जहाँ मानवता के लिए कार्य करता है, वहीं प्राकृतिक आपदाओं में सेवा के लिए खुद को समर्पित करता है। ठीक उसी तरह से योग दिवस में हर वर्ष बढ-चढकर भाग लेता है, ताकि मानव तन-मन से जहाँ स्वस्थ रहें, वहीं उसकी आत्मा का भी कल्याण हो।

## पेयजल पिलाकर भीषण गर्मी से दिलाई राहत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। ऑटो मार्केट** स्थित भावेश स्पोर्ट्स हब पर शनिवार को राहगीरों को मीठा शराबत पिलाया गया। उन्होंने बताया कि बाजार में आवागमन करने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में कुछ राहत प्रदान करने के लिए सभी आने जाने वालों को शीतल शरबत पिलाकर उन्हें गर्मी से कुछ राहत देने का प्रयास किया। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। ऐसी प्रचंड गर्मी में शीतल जल लोगों के लिए राहत का स्त्रोत हैं। गर्मी से परेशान लोगों ने शीतल जल पीकर राहत महसूस की और इस मुहीम को चलाने वालों को आशीष दिए।

## आशीष सभरवाल बने संस्कार भारती के अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र : प्रसिद्ध** समाजसेवी आशीष सभरवाल को आज कुरुक्षेत्र संस्कार भारती का अध्यक्ष चुना गया जिसमें उनको प्रांत अधिकारी द्वारा अध्यक्ष पद की शपथ दिलवाई गई एवं इस अवसर पर उन्होंने संस्कार भारती कि कार्यकारिणी का गठन किया। उल्लेखनीय है कि संस्कार भारती कुरुक्षेत्र की साधारण सभा की बैठक शहर के सेक्टर 10 में स्थित मैट्रिक्स ओवरसीज में हुई। इसकी बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रतिनिधि नयनिका घोष प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख ने की एवं उन्होंने आशीष सभरवाल की अध्यक्ष पद की घोषणा बड़े हर्षोल्लास पूर्वक की। सभा में पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष रमन बंसल के अतिरिक्त 17 सदस्यों ने इस सभा में भाग लिया एवं सबके समक्ष अध्यक्ष आशीष सभरवाल ने शपथ ग्रहण करने कार्यकाल का आरंभ किया। सभा का प्रारंभ प्रांत इकाई की सह प्रचार प्रसार नयनिका घोष, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, मैट्रिक्स ओवरसीज से राधिका सभरवाल ने भारत माता पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसी के साथ सभी ने ध्येय गीत गाया। बैठक में संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष ने औपचारिक रूप से पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया। बैठक में 2024-25 की नई कार्यकारिणी का दायित्व नवनिर्वाचित सदस्य अशोक शर्मा जी को मार्गदर्शक मंडल के मार्गदर्शक के रूप में एवं उपाध्यक्ष एवं रंगोली कला प्रमुख पंकज भारद्वाज , मंत्री डॉ संतोष देवांगन , कोषाध्यक्ष रमन बंसल , गायन प्रमुख डॉ. वीर विकास, वादन प्रमुख सूरजपाल, साहित्य कला प्रमुख डॉ पुरुषोत्तम ,प्रचार प्रसार प्रमुख प्रशांत कुमार,नृत्य कला प्रमुख संजना , मातृशक्ति प्रमुख एवं सह प्रमुख डॉ प्रिया शर्मा एवं श्रीमती भारती को सौंपा गया। सभा का समापन भारत माता की जय घोष एवं शांति मंत्र के साथ हुआ ।

## कर्मचारियों को किया सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : सात दिवसीय प्रकाश** पर्व समागम में सहयोग करते हुए अलग-अलग पकवानों के लंगर लगाने की सेवा में तत्पर जुटे रहने वाले संत बाबा अमरीक सिंह पटियाला वाले, संत बाबा कश्मीर सिंह भुरी साहिब वाले, बाबा शुबेग सिंह कार सेवा वालो के प्रतिनिधियों को हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने सिरोपा व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रबंध का मोर्चा संभालने वाले चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, धर्म प्रचार के सचिव सरबजीत सिंह, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह ढाचर, उप सचिव रूपिंदर सिंह, कुलदीप सिंह भानोखेड़ी, अमरिंदर सिंह, पीए बलजीत सिंह चट्ठा, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं के मैनेजर हरकीरत सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, हैड आफिस के रिकार्ड कीपर कुलदीप सिंह, सुखविंदर सिंह सहित अन्य कर्मचारियों को भी प्रधान साहिब ने सिरोपा भेंट कर उनका हौंसला बढ़ाया।

## नवनिर्मित स्कूल भवन का उद्घाटन समारोह का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन



**द पानीपत अल्फा राउंड** टेबल 366 संस्था के द्वारा गवर्मेंट मॉडल स्कूल ग्राम अजीजुल्ला पुर,पानीपत में स्कूल के छात्रों के लिए नए स्कूल भवन का निर्माण कराया गया है । जिसका आज नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में संस्था के पदाधिकारियों , शहर के गणमान्य व्यक्तियों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग सम्मिलित हुए। ज्ञात हो की इस स्कूल में माध्यमिक कक्षा के छात्रों के लिए सिर्फ दो क्लास रूम ही था जिसकी वजह से छात्र गर्मी ब सर्दी में बाहर बैठ कर पढ़ाई करते थे जो की उन छात्रों के लिए एवम शीक्षको के लिए ज्यादा तकलीफ भरा होता था लेकिन अब इस नए स्कूल भवन के बन जाने से करीब दो सौ छात्रों को अब बाहर बैठ कर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी । इस नए स्कूल भवन में चार क्लासरूम है जो अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, साथ ही संस्था द्वारा महिला एवम पुरुष शौचालय का भी निर्माण किया गया है। इस नेक कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन के साथ साथ ग्रामीण जनता के द्वारा संस्था के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर संस्था के द्वारा बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर पंकज मुटनेजा,डॉक्टर रचना मुटनेजा प्रेम अस्पताल पानीपत , श्रीं वरिंदर (बुल्ले)शाह को आमंत्रित किया गया था । इस स्कूल के नए स्कूल भवन का उद्घाटन द पानीपत अल्फा राउंड टेबल 366 के जितने भी पदाधिकारी है उनके माता ,पत्नी ,एवम स्कूल के छात्राओ के द्वारा रिबन काट कर किया गया इस मौके पर द पानीपत अल्फा राउंड टेबल 366 के पुलकित तनेजा,डॉक्टर अभिनव मुटनेजा चेयरमैन , कानव सिंगला, संभव मलिक,राहुल लिखा ,विपुल शाह, मानिक बंगा,वैभव रात्रा,निपुण बत्रा ,पार्थ पालीवाल, करन तनुजा ,पराग भाटिया,शिवम गर्ग ,चिराग गर्ग,मनन सलूजा , अक्षय गर्ग,ललित मित्तल,सहित जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत श्री राकेश बुरा, खंड शिक्षा अधिकारी पानीपत श्री बिजेंद्र हुडा, हेडमास्टर श्री राम कारण जी, स्कूल शिक्षक श्रीं बोधराज ,श्री मुकेश, श्री बच्चन जी सहीत स्कूल के सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 46 लाख की लागत से बनेगा भीम गोड़ा मंदिर में सामुदायिक भवन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन



**पानीपत के वार्ड 08** में स्थित भीम गोड़ा मंदिर में 46 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा, विधायक विज ने भाजपा कार्यकताओं एवं सामाजिक जनों के साथ बीते शनिवार को भवन निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया क विधायक ने कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि शहर के चहुंमुखी विकास हेतु पूर्णतः प्रयासरत हू, भाजपा सरकार निरंतर विकास करने हेतु प्रतिबद्ध है क शहर भर मे 130 से अधिक सामुदायिक भवन बनाए जा रहे हैं, लगभग 50 से अधिक भवनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है क शहर मे दूसरे विकास कार्यो की भी गति तेज हो इसलिए प्रदेश की भाजपा सरकार का पूर्णतः सहयोग मिल रहा है कार्यक्रम के अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय सहगल, पूर्व पार्षद चंचल सहगल, चुन्नी लाल चुघ, संदीप प्रजापत, हिमांशु हुरिया एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर किया गहन मंथन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस




**करनाल। शिक्षा संस्कृति** उत्थान न्यास के भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय संयोजक एवं चौधरी देवीलाल विश्विद्यालय के पूर्व कुलपति डा.राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रांची में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आए लगभग 350 शिक्षाविद शामिल हुए। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियानवन तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर किया गहन मंथन किया। इसके साथ-साथ निम्न प्रस्ताव भी पारित कर सरकार के पास भेजने का निर्णय हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कक्षा पांच तक भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने का सुझाव दिया। परन्तु ज्यादातर राज्यों में अंग्रेजी में पढ़ाने की होड़ लगी हुई है, के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस पर ध्यान देना अति आवश्यक है। चरित्र निर्माण मूल्यों व संस्कारों की शिक्षा भारतीय परंपरा का महत्वपूर्ण अंग रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस पर बल दिया गया है, लेकिन हम देखते हैं कि प्रीतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, अनेक प्रयासों के बावजूद भ्रष्टाचार कम नहीं हो रहा। देश में महिलाओं पर अत्याचार, हिंसा आदि कम नहीं हो रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इन सारे विषयों का का समावेश किया गया है, लेकिन इसका समुचित लाभ समाज और देश को तब तक नहीं मिल सकता, जब तक संस्कारयुक्त जीवन जीने वाले शिक्षक तथा विद्यार्थी समाज को नहीं मिल जाते ,यह एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर प्राचीन भारतीय परंपरा एवम् मूल्यों को स्थापित कर सकती है। कुछ प्रांतों की सरकारें इस दिशा में अग्रसर है, अन्य को भी काम करने की जरूरत है। शिक्षा में व्यवहारिकता, कौशल पर जोर दिया जाए। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के महासचिव माननीय अतुल कोठारी ने कहा कि ये सारी की चुनैतियां मात्र सरकार की नहीं, बल्कि समाज और शिक्षा क्षेत्र की भी है। इसलिए शिक्षक एवं अभिभावक दोनों को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके साथ साथ उन्होंने बताया कि जल्दी ही चार ज्ञान कुंभ तथा एक ज्ञान महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अध्यक्ष तथा डा. संजीव शर्मा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस ज्ञान कुंभों तथा महाकुंभ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांतीय संरक्षक डा. मेजर सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला में हरियाणा प्रांत से 17 शिक्षाविदों ने भाग लिया, जिसमें शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय विषय संयोजक विवेक कोहली, क्षेत्रीय विषय संयोजक डा. हितेंदे त्यागी, डा. कुलदीप सिंह डा. गजराज सिंह तथा डा. सतहंस प्रमुख रहे।

## नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन



**हरियाणा** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस की विभिन्न टीमें प्रतिदिन अलग-अलग स्थान पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देकर जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला पुलिस की टीम ने मतलौडा आईटीआई में विद्यार्थियों, सेक्टर 25 स्थित ट्रक युनियन में ड्राइवरों व खेल अकादमी पट्टीकल्याणा में खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। कोऑर्डिनेटर एएसआई जगपाल ने इस दौरान विद्यार्थियों, ड्राइवरों व खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा एक अभिशाप है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है, लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे की लत के कारण होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान की भरपाई करना बेहद कठीन है। नशे के कारण व्यक्ति का समाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

**नशा शरीर के लिए हानिकारक साथ ही अपराध का मुख्य कारण**

एएसआई जगपाल ने बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें और परिवार व देश का नाम विश्व पटल पर चमकाएं। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उन्होंने बताया कि नशे का सड़क दुर्घटना होने में भी एक अहम कारण है। आजकल काफी लोग विभिन्न प्रकार का नशा करके गाड़ी चलाते है जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरे व्यक्ति की जान के लिए भी खतरा पैदा करते हैं और कई बार तो अपनी जान से भी हाथ धो बैठते हैं। इसलिए कभी भी नशा कर-के ड्राइविंग न करें। नशा तस्करी पर अंकुश लगाने में जिला पुलिस का सहयोग करें।

कोई भी व्यक्ति जिसके पास ड्रग्स के कारोबार या इसमें संलिप्त लोगों की विश्वसनीय सूचना है तो वह पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबंधित थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी या चौंकी इंचार्ज के मोबाइल नंबर पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

## बाबा रूढेनाथ बाबा का राई औद्योगिक क्षेत्र में लगाया विशाल भंडारा

टीम एक्शन इंडिया



**राई: ज्येष्ठ की पूर्णिमा पर** राई औद्योगिक क्षेत्र में बाबा रूढेनाथ का 13 वां विशाल भंडारा निगम पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने विशाल भंडारा लगाया। भंडारे में आसपास के गांवों के काफी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले क्षेत्र की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। सबसे पहले सतनारायण भगवान की कथा हुई। हवन यज्ञ में पुनीत राई व अन्य महिला व पुरूषों ने आहुति डालकर क्षेत्र की जगत कल्याण व सुख शांति की कामना की। निगम पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में हर साल विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। हवन में आहुति डालने से आसपास का पर्यावरण भी शुद्ध होता है। इसके साथ ही हवन कुंड की अग्नि के द्वारा देवताओं का प्रसन्न किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रेडिंग कंपनी का कारिंदा मालिक का लैपटॉप व अन्य सामान चोरी का आरोप

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र की इंद्रा कॉलोनी स्थित बीएसएनएल के कार्यालय में फाइबर का काम कर रही कंपनी का कारिंदा मालिक का लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर ले गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव चौधरीवास हिसार निवासी धर्मबीर टांक ने बताया कि वह अमन टांक ट्रेडिंग कंपनी के मालिक है। जिसमें अन्य हिस्सेदार भी है। उनकी कंपनी ने सुप्रीम सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से बीएसएनएल सोनीपत कार्यालय में फाइबर लगाने का काम ले रखा है। उनकी कंपनी में कृष्णा नाम का कर्मी काम करता था। कृष्णा बीएसएनएल के इंदा कॉलोनी स्थित कार्यालय से 5 मई को लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर ले गया। लैपटॉप में उनकी कंपनी के जरूरी कागजात भी थे। उन्होंने कृष्णा की काफी तलाश की, लेकिन उसकी जानकारी नहीं मिल सकी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

### हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार :स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/शाहबाद** : हल्का शाहबाद के गांव अजराना खुर्द में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। सबसे पहले स्वीटी रंगा ने गांव वासियों का लोकसभा चुनाव के लिए धन्यवाद किया। स्वीटी रंगा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, महंगाई की मार पड़ रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है जिसके कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है अब की बार कांग्रेस सरकार बनेगी।

### 14 सितंबर तक निशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला** : डीसी डॉ. शालीन ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितम्बर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले 14 जून तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है। नागरिक किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। डीसी डॉ. शालीन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े।

# नीट पेपर धांधली के विरोध में युवाओं और कांग्रेस का प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारी भाजपा के जिला कार्यालय पहुंचे और यहां घेराव कर पार्टी दफ्तर पर ताला लगा दिया

**प्रदर्शन**

▶▶ युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा रोष प्रदर्शन किया







**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नीट परीक्षा के दौरान हुई धांधली के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चेतन चौहान की अगुवाई में युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा रोष प्रदर्शन किया। शहर के सेक्टर 10 गुरुद्वारा चौंक से पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शनकारी भाजपा के जिला कार्यालय पहुंचे और यहां घेराव कर पार्टी दफ्तर पर ताला लगा दिया। भाजपा सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी भी की और मोदी को युवाओं के भविष्य अंधकार में झोंकने का जिम्मेदार ठहराया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चेतन चौहान ने शहर के सेक्टर 10 गुरुद्वारा चौंक से पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन की अगुवाई की और कहा कि जब भाजपा सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था नहीं चला सकती तो उन्हें भाजपा कार्यालय भी नहीं चलाने चाहिऐ इसी के विरोध में अंबाला भाजपा जिला कार्यालय के गेट पर प्रदर्शनकारियों ने ताला लगा दियो चौहान ने कहा कि आज जहां जहां भाजपा सरकार है वहां वहां पेपर लीक हो रहे हैं, ये समझ नहीं आता कि शासित राज्यों में सरकारों का राज है या शिक्षा माफियाओं का राज? उन्होंने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को असुरक्षित महसूस कर रहा है क्यूंकि उसमें इस बात का डर बैठ गया है कि जब वो एक साल की तयारी के बाद परीक्षा देने जाएगा तब पेपर होगा भी या नहीं? या पेपर पहले से लीक हो जाएगा?

इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकताओं के अलावा छात्रों और युवाओं ने भी शामिल होकर अपनी भागीदारी दिखाई। पैदल मार्च और प्रदर्शन में नाराज युवा सबसे जयादा कदम ताल मिलाते नजर आए। युवाओं ने कहा कि उनका भविष्य असुरक्षित है क्यूंकि परीक्षा के दौरान हो रही ऐसी धांधलियों ने उनमें ना सिर्फ सरकार के प्रति अविश्वास पैदा कर दिया है बल्कि ऐसा लग रहा है कि शिक्षा से जुडी उनकी तैयारियों पर सरकारी तंत्र की लापरवाही भारी पड़ रही है। भाजपा जिला कार्यालय के घेराव कार्यक्रम के दौरान चेतन चौहान सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, मुकेश शर्मा सेक्रेटरी युवा कांग्रेस, रविंदर प्रजापत हलका अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल, बंटी धीमान सचिव हरियाणा युवा कांग्रेस, एडवोकेट रघुवीर सिंह, गोल्डी नागपाल उदयपुर, दरबार सिंह लोटा, जनार्दन ठाकुर, पवन अग्रवाल डिंपी, प्रितपाल अटल, विकी राणा, संजीव सिंह फौजी, सतपाल मलिक, गौरव अदोमाजरा, जोनी गुर्जर सोंटी मौजूद रहे।

## नशे के विरुद्ध जनांदोलन खड़ा किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा भर में विशेष रुप से 12 जून से 26 जून के मध्य नशे पर कुठाराघात करने के लिए नशे के विरुद्ध जनांदोलन खड़ा किया जा रहा है। इस कड़ी में जेनेसिस के प्रशासक रविंद्र कौशिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय 327वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो बार में किया गया जिसमें १०० से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जेनेसिस के प्रशासक रविंद्र कौशिक ने छात्रों के मध्य ब्यूरो से आए डॉ. अशोक कुमार वर्मा का स्वागत किया और बताया कि ब्यूरो किस प्रकार से नशा मुक्त हरियाणा अभियान में जुटा हुआ है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ.

**शपथ दिलाई**

▶▶ नशे को कहो ना और जीवन को कहो हाँ क्योंकि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा- डॉ. अशोक

अशोक कुमार वर्मा ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1985 से भारत को ड्रग फ्री करने के लिए कठोर कदम उठाए गए हैं। उन्होंने प्रतिबंधित नशों पर चर्चा करते हुए कहा कि अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा जैसे भयंकर नशे मनुष्य के जीवन के लिए अति घातक हैं और मृत्यु के पथ पर लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशे को न कहे और जीवन को हाँ कहें क्योंकि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने कहा कि ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं दें। अंत में शपथ ग्रहण करवाई ।

## गाली-गलौच करने से रोका तो गर्भवती महिला ने पर हमला कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में गढी घसीटा में घर के दरवाजे पर आकर गाली-गलौच कर रहे युवक को रोका तो उसने गर्भवती महिला पर हमला कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गढ़ी घसीटा निवासी एक महिला ने बताया कि उसका पड़ोसी दीपांशु, पवन, राहुल, पुष्पा निवासी गढ़ी घसीटा करीब 10.15 घर के सामने आकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। दिपांशु ने उसके पेट में कोहनी मारी। वह चार माह की गर्भवती है। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसका पति उपचार के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

## रबड़ की पिसाई कर दाना बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग, पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाथूपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में रबड़ की पिसाई कर दाना बनाने की फैक्टरी में तड़के पौने तीन बजे अचानक आग लग गई। रात को फैक्टरी मालिक व चार श्रमिक फैक्टरी में ही मौजूद थे। आग लगने का पता लगते ही वह बाहर भागे और अग्निशमन विभाग की टीम को अवगत कराया। मौके पर पहुंची टीम तीन घंटे में आग पर काबू पाया। इसके लिए 10 गाड़ियां बुलाई गई। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। दिल्ली के नरेला निवासी हरीराम की नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र में नीरज इंडस्ट्रीज के नाम से फैक्टरी है। जिसमें वह रबड़ की पिसाई कर उसका दाना बनाकर बेचते हैं। वीरवार रात को फैक्टरी मालिक हरीराम व चार अन्य कर्मी मौजूद थे। तड़के करीब पौने तीन बजे फैक्टरी के बाहर पड़ी कटी रबड़ की चप्पल में आग लग गई। जिससे आग बढ़ गई और फैक्टरी को भी

**आग लगी**

▶▶ दोबारा आग सुलगने की आशंका के चलते साढ़े दस बजे तक अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही

अपनी चपेट में ले लिया। आग लगी देख हरीराम व तीनों कर्मी बाहर भागे। उन्होंने देखा कि आग बाहर रखी रबड़ की चप्पलों में लगकर फैक्टरी में पहुंची है। उन्होंने अग्निशमन विभाग की टीम को अवगत कराया। जिस पर सोनीपत, कुंडली, राई से अग्निशमन विभाग की दस गाड़ियां मौके पर पहुंची। उप अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के नेतृत्व में आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फैक्टरी में रबड़ के टुकड़ों के साथ ही मशीन भी जल गई। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। आकलन के बाद ही आग के कारणों का पता लग सकेगा।

रात को बंद थी फैक्टरी, चार श्रमिक थे फैक्टरी में मौजूद- फैक्टरी मालिक ने बताया कि रात को फैक्टरी बंद थी। जिसमें चार श्रमिक मौजूद थे। वह भी रात को फैक्टरी के अंदर ही मौजूद थे। तड़के अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। आग लगी देख उन्होंने सबसे पहले सभी को बाहर निकाला।

उसके बाद अग्निशमन विभाग को अवगत कराया। फैक्टरी में लगी आग पर सुबह छह बजे तक काबू पा लिया गया। उसके बावजूद आग रबड़ में होने के चलते उसमें से धुआं निकल रहा था। जिससे दोबारा आग सुलगने की आशंका के चलते साढ़े दस बजे तक अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। इस दौरान कई बार रबड़ पर छिडकाव किया गया।

## लाइब्रेरी एसोसिएशन ने सुभाष सुधा को महत्वपूर्ण मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सरकार के कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए योग्यता का पुनर्वर्गीकरण और संशोधन पिछले चार दशकों से लंबित है। हरियाणा लाइब्रेरी एसोसिएशन ने सुभाष सुधा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), शहरी और स्थानीय निकाय विभाग के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी को इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानदंडों के अनुसार, पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री और या की आवश्यकता होती है। जबकि यह योग्यता सरकारी सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों में पूरी तरह से लागू है, हरियाणा के सरकारी कॉलेजों में इसे अपनाया नहीं गया है। इस अंतर के कारण योग्य उम्मीदवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में, हरियाणा एजुकेशन कॉलेज ग्रेड सर्विस रूल्स, 1986 के अनुसार, वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए 'द्वितीय श्रेणी के स्नातक और द्वितीय श्रेणी के मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस' की आवश्यकता होती है, जो एक पुराना मानदंड है। इस पुराने नियम के कारण योग्य पेशेवरों की भर्ती में अड़चन आ रही है और पिछले चार दशकों में किसी भी वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष की सीधी भर्ती नहीं हुई है। एसोसिएशन ने जोर दिया कि योग्य नेतृत्व के बिना इन शैक्षणिक संस्थानों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। डिजिटल पुस्तकालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति आवश्यक है।सरकार द्वारा कई प्रतिनिधित्वों के बावजूद (फाइल नंबर ड्ह8/1-1987 छु (3)), आवश्यक संशोधन नहीं किए गए हैं। एसोसिएशन ने राज्य सरकार से 1986 के सेवा नियमों में संशोधन करने और मानदंडों के अनुसार पुस्तकालयाध्यक्ष/वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष की योग्यता को संरेखित करने का आग्रह किया।

इसके अलावा, राज्य के सरकारी स्कूलों में भी स्थिति समान है, जहां पुस्तकालय तो हैं लेकिन योग्य पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हुई है।

## विशेष लोक अदालत के प्रति आमजन को किया जा रहा है जागरुक

**शिविर**

▶▶ विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जून से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जून से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में पैंपलेट देकर जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिन्दर कौर द्वारा गांव रतगल में लोगों को जागरुक किया गया और उन्हें पंपलेटस बांटे गए। इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है।

## अंबेडकर चौक पर मनाया गया संत कबीर का 627वां प्रकटोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** एससी समाज एकता मंच द्वारा शनिवार को रानी तालाब स्थित अंबेडकर चौक पर संत शिरोमणि कबीरदास के 627वें प्रकट दिवस कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सोनीपत के नवनिर्वाचित सांसद सतपाल महाराज ने परम संत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि कबीरदास ने पूरी मानव जाति के उत्थान के लिए काम किया। संत कबीर ने अनेक प्रकार के आडंबर और अंधविश्वास से दूर रहने की प्रेरणा दी। संत कबीर का संदेश आज भी प्रासंगिक है। एससी एकता मंच के लोगों को सलाह दी कि कांग्रेस की सरकार आने पर मंच की सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र।** संत कबीर जयंती के उपलक्ष्य में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा एलएनजेपी अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी ने की। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि अस्पतालों में रक्त कि कमी को पूरा करने में हमेशा प्रयासरत रहती है। उसके प्रयासों से रक्तदान शिविर लगाने से शहर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। शिविर के संचालन में समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मबीर सैनी, तरूण वधवा, अजीत व करनैल ने सहयोग किया। रामेश्वर सैनी ने कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। अगर कोई व्यक्ति रेग्युलर तौर पर ब्लड डोनेट करता है तो उसके शरीर में कॉलेस्ट्रोल और लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रोल का लेवल कम होता है जिससे कार्डियोवस्क्युलर डिजीज यानी दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बेहद कम हो जाता है। शिविर में प्रयोगशाला सहायक कुलदीप ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने केक काटकर कुलदीप को जन्मदिन की बधाई दी। शिविर में अजीत, नरेंद्र, विक्की, आसमान, अमित, रमेश, सतीश, पुलकित, कुलदीप, रमेश, नवजोत, अजायब, अजय, संदीप व नसीब सहित 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया।

## अधिकारी के हस्ताक्षर न होने से अटकी पड़ी 500 से ज्यादा फाइलें

**सोनीपत**

**जिले** के नागरिक अस्पताल में सरकार की योजना पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। जिले के नागरिक अस्पताल में पांच सौ से ज्यादा दिव्यांग प्रमाण-पत्रों की फाइलें एक अधिकारी के हस्ताक्षर के न होने की वजह से अलमारी में बंद पड़ी हुई है। प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यार्थी व उसके परिजनों को अस्पताल के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से छुट्टी पर गए अधिकारी की जगह किसी दूसरे अधिकारी को तैनात तक करने की जहमत नहीं उठा रहा है। जबकि प्रदेश में दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र बनाने के लिए सरकार की तरफ से विशेष अभियान महीनों तक चलाया गया। अभियान के तहत हजारों की संख्या में दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र जारी किए गए। जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ मिल पाया। चिकित्सक कब फाइलों पर हस्ताक्षर करेगा। वहीं दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र कब और कैसे बनेगें यह अधिकारी की छुट्टी पर निर्भर होना पड़ रहा है।

बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से गत दिनों पहले नागरिक अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अलग-अलग समय पर शिविरों का आयोजन किया गया था। सरकार की नीति साफ थी कि दिव्यांगों को प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अस्पतालों के चक्कर न काटने पड़े। दिव्यांगों के लिए क्षेत्र के हिसाब से शिविरों में चिकित्सकों की डयूटी लगाकर प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य तेजी से किया गया। जिसकी बदौलत हजारों की संख्या में दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र बनाएं गए। हाल में दिव्यांगों को विभाग के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की

**लगा रहे गुहार**

▶▶ अभ्यार्थी बार-बार अस्पताल प्रबंधन के पास काट रहे चक्कर

▶▶ जिला स्वास्थ्य अधिकारी व जिला उपायुक्त तक पीड़ित लगा चुके है गुहार

तरफ से किसी प्रकार की व्यस्था दिव्यांगों की परेशानी को लेकर नहीं उठाई जा रही है। जिसके चलते विभाग की अलमारी में सेकड़ों फाइलें चिकित्सक के एक हस्ताक्षर के इंतजार में रखी हुई है।

**क्या थी व्यवस्था, एक बैठक ने बदल दिया सब कुछ-**

जिले में दिव्यांगों को अपने प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना होता था। जिसके तहत विभाग के कर्मचारी प्रार्थी को एक तिथि अस्पताल में आने के लिए देते थे। उस दिन उसका अलग-अलग ओपीडी में चेकअप किया जाता था। अगर चिकित्सक को किसी प्रकार का झोल न लगे तो उस फाइलों पर जांच के बाद हस्ताक्षर कर- के विभाग में भेज दिया जाता था। नागरिक अस्पताल का प्रधान चिकित्सक अधिकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करता था। जिसके बाद फाइलों को डा. सीताराम के पास भेजा जाता था। डा. सीता राम के हस्ताक्षर होने के बाद फाइलों को ऑनलाइन साइड पर डालकर प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाता था। गत दिनों पहले दिल्ली के एम्स में स्पेशल कैंप लगाया गया था, जिसमें चिकित्सकों को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में दिव्यांग प्रमाण-पत्र पर जांच के दौरान दो-दो चिकित्सकों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य कर दिया गया। जिसके बाद से अस्पताल प्रबंधन के अधिकारियों ने फाइल पर अपने हस्ताक्षर करना बंद कर दिया। जिसके चलते 500 से ज्यादा फाइलें एक हस्ताक्षर की वजह से अलमारियों में बंद पड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार अगर कोई दिमाग से दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अप्लाई करता है तो नागरिक अस्पताल में दिमाग का चिकित्सक नहीं है। ऐसे में उसे जांच के लिए महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर किया जाता है। जहां पर पहले से ही तीन तक साल की वेटिंग चलने की जानकारी मिली है। चिकित्सक अभ्यार्थी को 2028 तक की तिथि दे रहे है, जब तक उनकी पूरी जांच नहीं हो जाती, तब तक दिव्यांग प्रमाण-पत्र भी जारी नहीं होता है।

## दिल्ली एम्स में डाटा ऑपरेटर और आशा वर्कर ही चला रही भूर्ण लिंग जांच का धंधा

### उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव विलायतपुर में घर पर ही चल रहा था लड़का और लड़की होने की जांच का गिरोह

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** पीएनडीटी टीम के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में छापेमारी के दौरान भ्रूण लिंग जांच का भड़ा फोड़ किया है। बुलंदशहर के गांव विलायतपुर में घर पर ही भूर्ण लिंग जांच का धंधा चल रहा था। छापेमारी के दौरान टीम ने दिल्ली एम्स में तैनात एक डाटा ऑपरेटर को 7 हजार की नगदी के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। मामले में अब उत्तर प्रदेश की गुलावठी थाना पुलिस जांच कर रही है।

जिला पीएनडीटी अधिकारी डा. सुमित कौशिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में भ्रूर्ण लिंग जांच करवाई जा रही है। जिसके बाद एक टीम का गठन किया। जिसमें डॉक्टर सुमित डॉक्टर जितेंद्र शामिल रहे। इसके बाद उन्होंने एक डिकॉय को तैयार किया और 45 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था। महिला डिकॉय को दलाल ने दिल्ली एम्स में बुलाया और दिल्ली एम्स से दलाल महिला डेकोय को मसूरी लेकर पहुंचा और वहां से एक महिला के साथ उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में अपनी गाड़ी के साथ पहुंचा। जहां से महिला द्वारा बुलंदशहर के गांव विलायतपुर के रहने वाले मनीष उर्फ मोंटी से संपर्क किया गया और महिला को मोंटी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठा दिया गया। जिसके बाद मोंटी उर्फ मनीष गर्भवती महिला को अपने, घर ले गया।

**काबू में**

▶▶ महिला और एक युवक टीम को देखकर फरार डाटा ऑपरेटर बाइक समेत पकड़ा गया

# गुरु गोरखनाथ चौक के नाम से जाना जाएगा शहर के सेक्टर 26 -27 का चौक

## उनके साथ जोगी समाज के प्रबुद्ध लोग और नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : नगर निगम मेयर** निखिल मदान ने शनिवार को शहर के सेक्टर 26- 27 चौक पर बनने वाले गुरु गोरखनाथ चौक का नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर उनके साथ जोगी समाज के प्रबुद्ध लोग और नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि कुछ माह पहले अखिल भारतीय योगी समाज के लोगों ने उन्हें शहर में गुरु गोरखनाथ जी के नाम से चौक बनाने का ज्ञापन सौंपा था। इस प्रस्ताव को नगर निगम हाउस की बैठक में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था। उसके बाद गोरखनाथ चौक बनाने के लिए दीवान फॉर्म से पटेल नगर की ओर जाने वाली सड़क पर सेक्टर 26-27 चौराहे को चिन्हित किया गया था। साथ ही चौक के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो अब पूरी हो चुकी है। आज उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और जोगी समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ चौक का भूमि पूजन किया है। जल्द ही चौक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस चौक पर पत्थर से गुंबदनुमा आकृति छतरी बनाई जायेगी जिसके बाद गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जिसका लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। साथ ही पूरे चौक को रंग रोगन से भी सुसज्जित किया जायेगा। मेयर निखिल मदान ने बताया कि गुरु गोरख नाथ जी का जीवन और उनकी सभी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। आज हम सबको गुरु गोरखनाथ जी के दिखाए गए पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर जोगी समाज प्रदेश अध्यक्ष सतपाल योगी, एडवोकेट पवन रावल,सुनील सरोहा,रामपत चोपड़ा ,नारायण सिंह, जोगिंदर,श्री भगवान दीवान,धरमवीर, राजबीर जोगी,आनंद सिंह,शुभम आदि लोग मौजूद रहे।



# फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में दिया गया योग का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। दसवें अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत की टीम द्वारा फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में योग का प्रशिक्षण दिया गया। मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन मिशन द्वारा संचालित लगभग 20 कक्षाओं में योगाभ्यास करवाया गया। इसके अतिरिक्त मिशन की टीम द्वारा दिनेश गुलाटी की अगवाई में बहुत सी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं, विद्यालयों मैं योग का प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरआई करनाल, ब्रह्मकुमारी आश्रम सेक्टर 7, गेहूं एवं ज्वार अनुसंधान केंद्र, करनाल लेक, एनसीसी कैडेट्स, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, मधुबन पुलिस कंपलेक्स, इग्नू सेक्टर 12, पंचायत भवन तथा बेरी उद्योग सेक्टर 3 में दिनेश गुलाटी और टीम के शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग की अलख जगाई ,जहाँ सैकड़ों योग साधक जुटे और उन्होंने हर्षोल्लास और उत्साह के साथ योग उत्सव मनाया। उन्होंने बताया कि मिशन के सभी शिक्षकों को इन संस्थाओं द्वारा ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 21 जून 2015 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। उन्होंने योग साधकों को प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न तरह की सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



## न्यूज फ्लैश

### 23 से 24 जून तक क स्टेडियम में होगी जिला स्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला खेल अधिकारी** सुधा भसीन ने बताया कि जिला स्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार व केसरी दंगल का आयोजन 23 से 24 जून तक कर्ण स्टेडियम करनाल में किया जाना है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर प्रशिक्षकों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इनमें ऑल ओवर इंचार्ज कुश्ती प्रशिक्षक वजीर सिंह रहेंगे। इसके अलावा भारोत्तोलन प्रशिक्षिका मोनिका, फुटबॉल प्रशिक्षिका उषा, नर्सरी कुश्ती प्रशिक्षक सुमित कुमार, सुनील, संजय व सोमवीर को ड्यूटी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पहलवान की जन्म तिथि अंडर 17 के लिए जनवरी 2007 से मान्य होगी तथा अंडर 21 के लिए जनवरी 2003 से मान्य होगी। खिलाड़ी अपने साथ आवश्यक दस्तावेज, रिहायशी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट तथा बैंक खाता कॉपी साथ लेकर आएं।

### श्री भोले बाबा अमरनाथ सेवा समिती 29 जून से 19 अगस्त कश्मीर में भंडारा लगाएगा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा श्री** भोले बाबा अमरनाथ सेवा समिती समालखा द्वारा 29 जून से 19 अगस्त तक पहल गांव चन्दन वाडी कश्मीर मे भण्डारा लगाया जाएगा सुबह हवन यज्ञ व भण्डारे का आयोजन किया गया स्नेह गर्ग ने बताया की हम यह भण्डार चन्दन वाड़ी में काफी वर्षों से लगाया जा रहा है ट्रकों में सामग्री भर कर चन्दन वाडी के लिए रवाना की गई दो महीने के करीब श्रदालुओं के लिए चाय पानी व खाने का भण्डारा लगाया जाता है जहा पर लाखो श्रद्धालु अमर नाथ यात्रा के लिए आते है इस मौके पर सत्यप्रकाश गर्ग , मनोज गर्ग

### स्कूल पौधरोपण कर किया लोगों को जागरूक किया

**गन्नौर। पूर्णिमा के अवसर** पर शनिवार को शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यायल में पौधरोपण अभियान चलाया गया। स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा व स्कूल स्टाफ ने पौधरोपण किया। प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे दूषित पर्यावरण को स्वच्छ करते हैं। उन्होंने स्कूल परिसर में आम, अमरूद, आदि फलदार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को सुसंस्कृत करना ही वास्तविक शिक्षा है। हमारे वेद संपूर्ण संसार को प्रकृति के महत्व बताने वाले प्रथम प्रमाणित ग्रंथ हैं और हमें इस धरोहर को भावी पीढ़ी में समाहित भी करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना ना करें। इस दौरान एसएमसी सदस्य रणवीर सिंह, कवर सिंह, रविंद्र व अन्य मौजूद रहे।

### ट्रक ड्राइवर के साथ धोखाधड़ी, सोते समय पर्स व मोबाइल चुराया

**गन्नौर। जीटी रोड** पर लड़सौली गांव के पास चोर सड़क किनारे खड़े ट्रक में सो रहे चालक का पर्स व मोबाइल चोरी कर ले गया। चालक ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में मुंडलाना निवासी सोमबीर ने बताया कि वह ट्रक चालक है। 20 जून को वह ट्रक लेकर बादली से दिल्ली जा रहा था। जब वह जीटी रोड पर लड़सौली गांव के पास स्थित हंस ढाबा के पास पहुंचा तो उसकी आंखों में कचरा आ गया। जिस वजह से उसने सड़क किनारे ट्रक को खड़ा किया और उसके अंदर ही सो गया। जब अगली सुबह उठा तो उसका जेब से मोबाइल, उसका पर्स जिसमें लाइसेंस, 11500 रुपये की नकदी व बैंक का एटीएम था चोरी हुआ मिला। इसके बाद उसने दूसरे मोबाइल में चोरी हुआ सिम कार्ड दोबारा निकलवा कर नए मोबाइल में डाला तो उसके मोबाइल पर बैंक खाते से 18 हजार 100 रुपये निकलने का मैसेज आया। उसने बैंक की डिटेल निकलवाई तो उसके खाते से 18 हजार 100 रुपये पेटीएम किए हुए मिले। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# पानीपत जिले के 545 बच्चों को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**लायंस क्लब पानीपत** ग्रेटर द्वारा पानीपत जिले के 545 बच्चों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर पीके जी के संचालक का गौरव जैन ने कहा की पानीपत जिले की बेटियों ने कमाल कर दिखाया है 545 में से 400 लड़कियों ने जिला टॉप किया है आज इन्हीं बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया गौरव जैन ने कहा जमाना इस तरह से करवट लेगा कभी सोचा भी नहीं था पहले लड़कियों को नहीं पढ़ाया जाता था नारा लगाता था बेटी पढ़ाओ आज बेटियां कितनी आगे निकल गई है पानीपत जिले का आंकड़ा यह बखूबी बता रहा है जिला शिक्षा अधिकारी रँ राकेश ढ्ढड्ढ१ ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं ने पहली बार इस तरह का आयोजन किया है जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चों को केवल सम्मानित किया गया सम्मान की इस प्रक्रिया से सभी का मनोबल बढ़ा है यह वह विद्यार्थी हैं जो आगे जाकर पानीपत में देश का नाम रोशन करेंगे क्योंकि यह विद्यार्थी अपनी अपनी कक्षा के टॉपर हैं पढ़े-लिखे शिक्षित गुरुओं से शिक्षा पत्र की विद्यार्थी भी अपने जीवन में उत्तम होने का प्रयास कर रहे हैं आज जिले का सबसे टॉपर विद्यार्थी सरकारी स्कूल से है हर विद्यार्थी किसी भी स्कूल में रहकर टॉप कर सकता है बेशक उसमें पढ़ने का जुनून हो पानीपत के विद्यार्थियों ने यह संदेश पूरे देश को दिया हैलायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के अध्यक्ष लाइन रविंद्र जैन ने कहा कि जनपद पानीपत के लगभग डेढ़ सौ स्कूलों से आए 55स्त्र विद्यार्थियों का सम्मान पहली बार पानीपत में आयोजित किया गया है इस अवसर पर डॉ राजेश गार्गी डॉक्टर अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतिकरण दिया किस प्रकार में अपने जीवन की बेहतर रहा चुन सकते हैं।

मुकेश ने विद्यार्थियों को 10 टिप्स दिए की कैसे वह अपने जीवन की राह चुने हरिमोहन गुप्ता विजेंद्र हुड्डा महेंद्र दीक्षित बिंदिया रानी संदीप शर्मा अनिल कुमार जयदीप हरि ओम मुकेश शास्त्री राजेंद्र कुंड मौजुद रहे।



# चेतन्या एजुकेशन कंसल्टेंट्स का ग्लोबल एजुकेशन फेयर सफलतापूर्व संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। चेतन्या ग्रुप** की ओर हरियाणा के चार शहरों करनाल, लाडवा, अम्बाला और कुरुक्षेत्र में आयोजित ग्लोबल एजुकेशन फेयर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। चेतन्य एजुकेशन कंसल्टेंट्स के एजुकेशन फेयर में करनाल में 700, लाडवा में 500, अम्बाला में 300 और कुरुक्षेत्र में 5 छात्रों ने भाग लिया। चेतन्य एजुकेशन कंसलटेंट्स के एमडी अशोक छाबड़ा ने कहा कि ग्लोबल एजुकेशन फेयर में इतनी अधिक संख्या में छात्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका हमें गर्व है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से हमने अनेक छात्रों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने का मौका दिया है। अशोक छाबड़ा ने बताया कि ग्लोबल एजुकेशन फेयर में छात्रों को अनेक विकल्पों और संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ-साथ उनके भविष्य को समेटने में मदद की है। ग्लोबल एजुकेशन फेयर की सफलता को देखते हुए उन्होंने आने वाले दिनों में देश के अन्य शहरों में भी इसी तरह के आयोजन करने का निर्णय लिया है।



# पेपर लीक और भर्ती घोटालों के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही बीजेपी: हुड्डा

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पूर्व मुख्यमंत्री एवं** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार पेपर लीक और भर्ती घोटालों के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। राष्ट्रीय स्तर पर नीट और यूजीसी नेट हो या फिर हरियाणा में होने वाले एक के बाद एक भर्ती घोटाले, देश व प्रदेश हर स्तर पर बीजेपी की कारगुजारियां उजागर हो रही हैं। हुड्डा आज पानीपत में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। वहीं इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, लोकसभा प्रत्याशी रहें दिव्यांशु बुधिराजा, कांग्रेस के वरिष्ट नेता बुल्ले शाह, विधायक बलबीर बाल्मिकी, कंवर सिंह छोक्कर, पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी,पूर्व विधायक भीम सैन मेहता, पूर्व मंत्री बिल्लू कादियान आदि शामिल रहे।

अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज पूरे देश में कांग्रेस नीट और नेट पेपर घोटालों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। हरियाणा में लगातार कांग्रेस ऐसे मुद्दे को सडक से लेकर विधानसभा तक उठती आई है। लेकिन बीजेपी ने कभी अपनी करगुजारियों से सबक नहीं लिया। इसलिए लोकसभा चुनाव में जनता ने बीजेपी को सबक सिखाया। हुड्डा ने करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन के लिए तमाम मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एक मोर्चा फतेह करने के बाद अब हमें अगला मोर्चा जीतने की तैयारी करनी है। इसके लिए जरूरी है कि जनसंपर्क को और बढ़ाया जाए। 36 बिरादरी में जाकर मौजूदा सरकार की विफलताओं के बारे में बताया जाए। जनता को बताना जरूरी है कि जो हरियाणा 2014 से पहले कांग्रेस सरकार के दौरान प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने, खेल-खिलाड़ी, बुजुर्गों, किसानों के सम्मान, कानून व्यवस्था और खुशहाली में देश का नंबर वन राज्य था उस हरियाणा को भाजपा ने बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार और नशे में नंबर वन बना दिया है। इसीलिए जनता इस बार कांग्रेस की सरकार लाने का मन बना चुकी है। कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक बुजुर्ग को 6000/ पेंशन और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। जनता को महंगाई से राहत देने के लिए कांग्रेस 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 500 में गैस सिलेंडर देगी। बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए खाली पड़े 2 लाख पदों को योग्यता अनुसार मेरिट के आधार पर पक्की भर्ती से भरा जाएगा। गरीब, एससी और ओबीसी परिवारों के लिए फिर से 100 गज के मुफ्त प्लॉट आवंटन की स्कीम शुरू की जाएगी और इस बार उनके लिए दो कमरे का मकान भी बनाया जाएगा। साथ ही पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का पूर्ण लाभ देने के लिए क्रीमी लेयर की लिमिट को 8 से बढ़ाकर 10 लाख किया जाएगा। बीजेपी ने लिमिट को 8 लाख से घटाकर 6 लाख किया है। वहीं चौधरी उदयभान ने भी नीट पेपर घोटाले पर बोलते हुए चौधरी उदयभान ने कहा कि अपनी कारगुजारी को छिपाने के लिए सरकार ने नीट का रिजल्ट उसी दिन घोषित किया जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे। जबकि यह रिजल्ट 14 जून को आना था। लेकिन जानबूझकर इसे 4 जून को घोषित किया गया।



# वंदे भारत आर्मी लोगों के दिलो में जगाएगी देशभक्ति: नरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। समाजसेवा के** क्षेत्र में लगातार 25 वर्षो से सक्रिय विश्वविख्यात व्यक्तित्व नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। जिन देश के शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सब कुछ त्याग कर देश की आजादी के लिए अपनी जान लगा दी, उनके सपनों के भारत को बनाने के लिए सबको आगे आना चाहिए। नरेंद्र अरोड़ा ने वंदे भारत आर्मी के कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। वंदे भारत आर्मी की बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में रेलवे रोड में हुआ। इस अवसर पर आर्मी के आगामी प्रकल्पों पर विचार विमर्श किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि वंदे भारत आर्मी लोगो के दिलों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का कार्य करेगी और विशेष तौर पर युवाओं को नशे और बुराइयों से दूर रहकर देश के लिए सच्चाई एंव ईमानदारी से जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत आर्मी, ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की एक इकाई है, जो समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि वंदे भारत आर्मी के प्रकल्पों में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन, शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में प्रकल्पों का आयोजन, एंटी करप्शन, ह्यूमन राइट्स, ट्रैफिक नियमों की पालना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण, रक्तदान, जल संरक्षण, मेडिकल कैंप, नारी सशक्तिकरण, युवा शक्ति आदि शामिल रहेंगे। इस अवसर पर सुमन नरूला, तरसेम गुप्ता, राकेश सचदेवा, सुल्तान सिंह उपस्थित रहे।



# युवाओं ने एक साथ मिलकर योग क्रियाएं की

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**10वें अंतर्राष्टरीय योग** दिवस के उपलक्ष्य में ऊपमंडल समालखा में स्थित अनाजमंडी में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी कार्यालयों के सभी अधिकारी व कर्मचारी, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर, स्कूली बच्चों तथा गांव के युवाओं ने एक साथ मिलकर योग क्रियाएं की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भट्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि योग के महत्व को हमें समझना होगा कि योग हमारे जीवन की डोर है। शरीर की स्वस्थता को शिखर पर ले जाने के लिए योग के पहलुओं को अपनाना जरूरी है। आज प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेना चाहिए कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के संकल्प में अपना योगदान दिया जा सके। डीएसपी नरेंद्र कादियान ने कहा कि योग के माध्यम से मन, मस्तिष्क और शरीर को पूरी तरह से स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को विश्व स्तर पर मनाना हर भारतीय के लिए बड़े ही गौरव की बात है। हमारी सनातन संस्कृति में एक अहम स्थान रखने वाली योग पद्यति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास का मेल है। योग शारीरिक शक्ति प्रदान करता है।

# मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या मामले में 5 को नामजद किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**चुलकाना गांव में पुरानी** रंजिश को लेकर बुधवार देर रात शराब ठे-के पर एक युवक की स्विफ्ट कार में आए हथियार बंद बदमाशों ने बेरहमी से हत्या कर थी । जबकि उसका बचाव कर रहा साथी घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई संदीप की शिकायत पर हत्या मामले में 5 को नामजद किया है। इस हत्याकांड के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव का कोई भी व्यक्ति इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहा है। चुलकाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके भाई कृष्ण की हत्या गांव के ही नवीन,अनिल, संदीप,मन्नु, अभिषेक व 3-4 अन्य ने मिलकर की है। उसने बताया कि उसका भाई कृष्ण बुधवार रात करीब 10 बजे चुलकाना अड्डे पर स्थित शराब ठेके पर किसी काम से गया था उसके साथ उसका दोस्त विशाल भी था। जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो मैं उसको देखने ठेके पर चला गया। जैसे ही वह ठेके पर पहुंचा तो नवीन व अनिल जो मेरे भाई से पुरानी रंजिश रखते थे वे दोनों शराब ठेके से बाहर निकल अपने साथियों के साथ हथियार रहे सहित फरार हो गए ।जब मैं ठेके के अंदर पहुंचा तो मेरा भाई कृष्ण अंदर मृत पड़ा था उसकी गर्दन से खून बह रहा था वहीं पर विशाल भी लहूलुहान तड़प रहा था। जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

समालखा थाना पुलिस के मुताबिक चुलकाना गांव के अड्डे पर सोनू का शराब का ठेका है। जिस पर देर रात करीब 10 बजे उसका भाई कृष्ण (24) अपने दोस्त विशाल के साथ आया था। ठेके पर उस वक्त सिर्फ सेल्समैन प्रदीप था। इसी दौरान चार अज्ञात युवक एकाएक ठेके के भीतर घुसे और उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कृष्ण की मौत हो गई। जबकि विशाल गंभीर रूप से घायल है। वहीं, कारिंदे प्रदीप ने वहां से भाग कर खुद को बचा लिया था आज गांव चुलकाना के निवासी व परिजन समालखा थाना में पहुंचे बिजेन्द्र पवन सिंह रमेश दिनेश जोगिन्द्र राम फल संदीप पिन्टा बिल्लू आत्मा राम रमेश फौजी मदनलाल राजेन्द्र वेद प्रकाश गीना ने बताया की चार दिन हो गए अभी तक पुलिस ने एक भी गिरफ्तारी नही की हम पुलिस की कार्यवाही से सन्तुष्ट नही है गांव वाले सब इंस्पेक्टर रमेश से मिले व कार्य वाही की मांग की सब इंस्पेक्टर रमेश ने कहा की टीम लगी हुई हे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# आमजन मलेरिया से बचाव को लेकर रहें सतर्क : सीएमओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉ.कृष्ण कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जल भराव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। इसे देखते हुए सरकार की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए मलेरिया रोधी माह मनाने का निर्देश दिया गया है। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा।

**मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए सजग व सतर्क रहने की जरूरत**

सीएमओ ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू आदि से सजग व सतर्क रहना होगा। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा 30 जून तक मलेरिया रोधी माह मनाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का अहम रोल रहेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुखार पीड़ित व्यक्तियों के चिह्नांकन की जिम्मेदारी आशा, एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की है। लक्षण से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वयं या सीएचसी व प्राथमिक पीएचसी भेजकर जांच की जाए। उन्होंने जन समुदाय से अपील की है कि मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं।

# शकूरपुर वार्ड: निगम के पार्क हुए पार्किंग व गंदगी के शिकार, प्रशासन लाचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** के अलग-अलग क्षेत्रों में निगम व डीडीए द्वारा लाखों-करोडों रूपये पार्कों की खूबसूरती को बनाएं रखने के लिए पानी की तरह बहाय गए थे, लेकिन वक्त के साथ-साथ प्रशासनिक लापरवाही के चलते कुछ पार्क पार्किंग के शिकार हो गए, तो कुछ गंदगी के चलते अपना स्वरूप ही खो बैठे है।

यहां पर हम बात कर रहे रहे है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 की। जहां पर निगम के अधिकांश पार्क बदहाली की मार झेल रहे है। देख-रेख और अनदेखी के चलते निगम पार्क बदहाली का शिकार है, सुंदरता पूरी तरह से खो चुका है। पार्क की दयनीय हालत को





देखकर भी प्रशासन पार्क को सहेजने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है। शकूरपुर क्षेत्र स्थित जेजे कॉलोनी के बी ब्लॉक में बना निगम पार्क की दशा तो इस प्रकार है मानो कभी पार्क ही न हो बल्कि पार्किंग बनाई गई हो, पार्क में कहीं पर ठेला-रिक्शा खडा है तो कही पर ऑटो-टैक्सी। वहीं क्षेत्र स्थित लवकुश वाटिका निगम पार्क तो काफी लंबे समय से मौत का न्यौता दे रहा हो, सुविधा के लिए पार्क में लगाई गई लाइट का बॉक्स के दरवाजे से स्मेकिये ही उखाड कर ले गए जिसकी वजह से बिजली का पैनल खुला हुआ पडा है जो कि कभी किसी भी बडे हादसे को अंजाम दे सकता है। पार्क को बने कई साल हो चुके है लेकिन समय गुजरने के साथ-साथ इस पार्क को सहेज कर रखने की जो कवायद होनी चाहिए उसमें लापरवाही की जाती रही जिससे पार्क दुर्दशा का शिकार हो गया है।

**पार्क की बगिया के पौधे सूखे, झाड़ियों की भरमार:** पहले यहां कई प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाए गए थे जो अब उजड़ गए हैं। पार्क के अंदर मवेशी विचरण करते रहते हैं। पार्क में पहले लोगों की भीड़ उमड़ती थी लेकिन अब यहां असामाजिक तत्व डेरा जमाए रहते हैं।

लोग यहां सुबह हो या शाम के वक्त आने से कतराते हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर जिस मंशा से पार्क तैयार किया गया था वह अपनी सूरत गंवाते जा रहा है।

**माली नहीं होने से फैली अव्यवस्था:** माली नहीं होने के कारण पेड़ पौधों का देखरेख करने वाला कोई नहीं है, पार्क में अब लोग घूमने फिरने बच्चे खेलने आने के लिए कतराने लगे हैं और पार्क में पशु पालकों के एवं आवारा मवेशी विचरण करते हैं। यहां मवेशियों को भरपेट आहार मिल जाता है। पार्क में लगे पेड़-पौधे व पत्तियां उनके लिए चारे का काम करती है।



निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी अपने कार्यालय पर आरडब्ल्यूए शक्ति नगर एक्सटेंशन अशोक विहार फेस-3 के सदस्यों के साथ बातचीत की तथा उनकी समस्याओं को सुना और जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया।

# जहांगीरपुरी वार्ड: आप नेता सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जहांगीरपुरी वार्ड** में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के द्वारा कई विकास कार्य करवाये जा रहे है ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। निगम पार्षद के पति सुरेश शर्मा भी समय-समय पर क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे है और जनता की जो भी समस्याएं है उनका समाधान करने के लिए अग्रसर है। इसी कड़ी में आज सुरेश शर्मा ने वार्ड-18 जहांगीर पुरी में तंदूर वाली गली, स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी, गुरुनानक नगर, राम रहीम चौक, थाने वाले रोड़ राजीव नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा ने बताया कि मैं समय-





समय पर क्षेत्र का दौरा करता हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। श्री शर्मा ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि मैंने निगम के कर्मचारियों को निर्देश दे रखे है कि क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते, जिससे की जनता को परेशान होना पड़े। इस मौके पर उनके साथ रमेश शर्मा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पेड़-पौधे के महत्व को समझने की आवश्यकता: जितेन्द्र ढीका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें। उक्त बातें जहांगीरपुरी वार्ड के समाजसेवी व भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने



आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी मिलती है, इसलिए उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें।

# वजीरपुर: सभी को रक्तदान करना चाहिए: प्रेम कुमार विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए जिससे की सभी का कल्याण हो सके।

एक अन्य सवाल के जवाब में प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को



भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि

**सेवा कार्य**

**सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी गरीब व असहाय लोगों की मदद करें: प्रेम कुमार विद्यार्थी**

आज भी लोगों के मन में गलत धारणा है रक्तदान को लेकर। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ तौर पर अपनी फिटनेस पर असर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

प्रेम कुमार विद्यार्थी ने आगे बताया कि सभी को बढ़-चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी मिलती है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करे।

# वजीरपुर: योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ: उमाकांत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए सभी योग करें और दूसरों को भी योग करने की सलाह दें। उन्होंने आगे बताया कि योग एक ऐसी क्रिया है जो न सिर्फ मनुष्य को शरीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है, बल्कि आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। इसलिए सभी योग करें और निरोगी रहें।

उमाकांत शर्मा ने आगे बताया कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, इसलिए योग करें और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। उमाकांत शर्मा ने



आगे बताया कि सभी को योग करना चाहिए, योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, इसलिए सभी योग करें और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है और पूर्ण विश्राम और अधिक नियंत्रण प्रदान करता है।

# आतिशी ने किया सत्याग्रह आंदोलन की पवित्रता का अपमान: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मंत्री आतिशी आज प्रशासनिक अराजकता दिखा रही हैं जो जनवरी 2014 में खुद उनके नेता अरविंद केजरीवाल ने राजपथ पर धरने पर बैठकर दिखाई थी। साथ ही आतिशी जिस तरह नौटंकी कर रही हैं उससे सत्याग्रह की मूल भावना को भी ठेस पहुंची है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की एक मंत्री का धरना देना भूख हड़ताल की बात करना हास्यास्पद लगता है, मंत्री का काम जनता की सुविधा के लिए काम करना होता है और अगर सच में मंत्री आतिशी को लगता है दिल्ली में जल की कमी



है और यदि सही में हरियाणा अतिरिक्त जल नहीं दे रहा तो वह अपनी पार्टी की पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री भगवंत मान से पानी मांग लेती। सचदेवा ने कहा है कि सत्याग्रह एक बहुत पवित्र आंदोलन है जिसे महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय जैसे शीर्ष नेताओं ने अंग्रेज शासकों के विरूद्ध जनजागरण के लिए प्रारम्भ किया था और उनके सत्याग्रह में एक मंच होता था वहीं दिन रात बैठकर जनता से जुड़ते थे।

**4 घंटे मंच पर और 18 घंटे एयरकंडीशन कमरे में ये कैसा आंदोलन:** यहाँ तक की खुद अरविंद केजरीवाल ने भी जब 2011 में सुंदर नगरी में सत्याग्रह किया था तो जनता के बीच बैठकर दिया था और आज मंत्री आतिशी एक फाइव स्टार सत्याग्रह कर रही हैं, वह चार घंटे मंच पर बैठती हैं और 18 घंटा मंच के पीछे एयरकंडीशन कमरे में। दिल्ली के लोग स्तब्ध हैं की यह कैसा अनशन है जिसमे अनशनकारी हर फाइव स्टार सुख सुविधा भोग रहा है।

सचदेवा ने कहा है कि सच तो यह है की अपने फाइव स्टार अंशनन से मंत्री आतिशी ने महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय द्वारा प्रारम्भ सत्याग्रह आंदोलन की पवित्रता का अपमान किया है।

# न बिजली न पानी ये कैसी राजधानी: भदौरिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कहने को** तो दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ देश की धड़कन भी कहलाती है। लेकिन इन दिनों दिल वालों की दिल्ली कई तरह के संकटो से जूझ रही है। जहां पर समस्याओं का निवारण होता तो नज़र नहीं आ रहा है बल्कि समस्याओं के निस्तारण के नाम पर खूब सियासत हो रही है। जहां एक ओर तो दिल्ली में जल संकट के काले बादल छटने का नाम नहीं ले रहें है वहीं दूसरी ओर नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए इन दिनों रात-रात भर बिजली का गायब होने से दोहरी मार पड़ रही है। मामले में निहाल विहार वार्ड नंबर-47 से वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी जगन्नाथ भदौरिया ने



बताया कि हमारे क्षेत्र में काफी लंबे समय से रात-रात भर बिजली गायब होने लगी है और अगर संबंधित विभाग अधिकारी या कर्मचारी को शिकायत करें तो वह फोन नहीं उठाते और अगर गलती से फोन उठाले तो अलग-अलग बहाने बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

**आए दिन ट्रांस्फार्मर में लगती रहती है आग:** उन्होंने यह भी कहा कि हमारे क्षेत्र के लोग कई बार मामले में विधायक से उनके कार्यालय मे शिकायत करने जाते है तो विधायक कभी अपने कार्यालय में मौजूद ही नहीं रहते है अब ऐसे में क्षेत्र के लोग किससे अपनी शिकायत करें। भदौरिया ने बताया कि कई बार ट्रांस्फार्मर में भी आग लग जाती है, जिससे पूरा दिन लाइट गुल रहती है, जिसका एक कारण यह भी है कि इलाके की आबादी तो बढ़ी है लेकिन ट्रांस्फार्मर में मेगावाट नहीं बढ़ाया गया है जिसके चलते ट्रांस्फार्मर पर लोड अधिक पड़ जाता है और आग भी लग जाती है।

# शकूरपुर वार्ड में आनंदवास जनकल्याण संघ व दिष्टि उत्थान ने फोर लेग्स स्टिक का किया वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त शकूर पुर स्थित आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद व पश्चिम विहार स्थित दिष्टि उत्थान ट्रस्ट ने बुजुर्गों के बीच ईद का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन शकूरपुर के एफ ब्लॉक स्थित शिवाजी पार्क में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के कई बुजुर्ग महिला-पुरूष भी उपस्थित रहे। इस मौके पर तोमर ने कहा कि बडे-बुजुर्गों की सेवा करने से पाप तो कटते ही है बल्कि हमारा धर्म व फर्ज भी है हमारे बड़े-बुजुर्गों की सेवा करना, तो वहीं इस नेक काम करने के लिए





जितेंद्र तोमर ने दोनों संस्था की टीम के कार्यों की सराहना भी की।

**संस्था के कई पदाधिकारी रहे मौजूद:** इस कार्यक्रम के दौरान दिष्टि उत्थान ट्रस्ट से शालू दुग्गल, सपना मारवाह, नीलम सूरी,अनिता चोपड़ा, पी आर दास तो वहीं इसी के साथ ही आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद से महासचिव शाहिद कुरैशी, विनय कुमार, जयराम कोली, रजनी, लक्की खान, निसार सिद्दीकी, दीपक कुमार, सहबाज़ आलम सहित कई लोग मौजूद रहे।

**नर सेवा नारायण सेवा से कम नहीं:** कार्यक्रम के दौरान परिषद के महासचिव शाहीद कुरेशी ने कहा कि हमारी संस्था काफी सालों से लोगों की निःशुल्क सहायता कर रही है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी इच्छा शक्ति व अपने-अपने स्तर पर गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, क्योंकि भगवान धनवान तो किसी को भी बना सकता लेकिन गरीब असहाय लोगों की मदद करने के लिए सभी को मौका नहीं देता है।

# अग्रोहा धाम में भगवान श्री रामचंद्र जी का दरबार बनाया जा रहा है: बजरंग गर्ग



**हिसार-** अग्रोहा धाम में पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग, भंडारा व समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने परिवार सहित भाग लिया। इस अवसर पर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा-पाठ करने के उपरांत उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम देश का पांचवा धाम है जिसके साथ देश के नागरिकों की भावना जुड़ी हुई है। अग्रोहा धाम देश में एकमात्र माता महालक्ष्मी जी का शक्तिपीठ है और अग्रोहा की खुदाई में बाबा हनुमान जी की प्रतिमा निकली थी। अग्रोहा धाम में बाबा हनुमान जी का मंदिर व पहाड़ों पर स्थित बाबा जी विशाल 90 फुट ऊंची प्रतिमा बनी हुई है। अग्रोहा धाम में जो भी भक्त दर्शन के लिए आता है उसकी हर मनोकामना माता लक्ष्मी जी व बाबा हनुमान जी पूरी करते हैं। उसके परिवार में हमेशा सुख-शांति व खुशियां बनी रहती हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में भगवान श्री रामचंद्र जी का दरबार बनाया जा रहा। राम दरबार की मूर्तियां अग्रोहा धाम में आ चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि धाम में 400 मीटर लंबी गुफा में स्थित माता वैष्णो देवी जी, बाबा अमरनाथ जी की गुफा, श्री तिरुपति बालाजी का मंदिर के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन जी, भैरव बाबा जी, माता सरस्वती जी, श्री रामेश्वर धाम, श्री शिव भोले बाबा, द्वारकाधीश जी का मंदिरों के साथ-साथ 280 कमरें व 6 हॉल बने हुए हैं। अग्रोहा धाम में जनता के सहयोग से अप्पू घर का विस्तार हो रहा है और करोड़ों रुपए की लागत से अनेकों विकास कार्य चल रहे हैं। पूर्णिमा पर भजन गायक मोहन तनेजा की टीम, प्रमुख कलाकार बेबी व खुशबू श्री मेहंदीपुर बालाजी द्वारा देवी-देवताओं पर आधारित भजन सुना कर भक्तों का मनमोह लिया? । इस अवसर परमनप्रीत बंसल पंजाब, श्यामलाल गोयल पंजाब, राजकुमार गर्ग दिल्ली, महेश अग्रवाल मथुरा, प्रेम गुप्ता राजस्थान, श्याम सुंदर अग्रवाल राजस्थान, ललित बंसल हिमाचल, चूड़िया राम गोयल टोहाना, इंद्र जैन डब्बावली, उमर अग्रवाल, गौतम नारंग, पवन गर्ग, एनके गोयल, अनिल सिंगला, अनिल जैन, सत्य प्रकाश अग्रवाल, सत्य प्रकाश आर्य, सुरेंद्र बागड़ी, साधुराम बंसल, विजय मोहन अग्रवाल, त्रिलोक कंसल, यशपाल कुमार, संजय नागपाल, निरंजन गोयल आदि भजनजन भारी संख्या में मौजूद थे।

# पहाड़ियों में जयहिन्द सेना कोर कमांडर कैम्प शुरू



**जयहिंद** सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद ने पहाड़ियों में जयहिंद सेना के कोर कमांडर कैम्प की शुरुआत की। ये वही कोर कमांडर है जिन्होंने प्रदेश के लाखों बुजुर्गो, विधवाओं, व विकलांगों की पेंशन, फैमिली आईडी के लिए व खिलाड़ियों के खेल कोटे के लिए लड़ाई लड़ी थी व दलितों के मकान गिरने से बचाए थे व बेरोजगारों के रोजगार के लिए बेरोजगारों की बारात निकाली थी, हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों, गेस्ट टीचर्स, कंप्यूटर टीचर्स, ड्राइंग टीचर्स के हकों की लड़ाई लड़ी है। जयहिंद ने कोर कमांडर कैंप में आए जयहिन्द सेना के सैनिकों की ट्रेनिंग पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करा कर शुरू करी । जयहिन्द सेना कोर कमांडर कैम्प का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी टीम तैयार करना है जो अपने अपने क्षेत्र में जो जो समस्याएं हैं उनको प्रशासन के समान उठाएं और अपने एमएलए, एमपी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से समस्याओं के बारे में सवाल पूछ सके व अवगत कराए। जयहिंद ने बताया आज के समय में मुख्य समस्याएं हैं जो कि लोग प्रशासन के सामने अपने मुद्दे व समस्याएं उठाने से डरते हैं इसलिए जयहिंद सेना कोर कमांडर कैम्प का उद्देश्य लोगों के अंदर से यह डर निकालना है ताकि लोग अपने हक की आवाज उठा सके और लोगों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ सरकार से लड़ सके। नवीन जयहिंद ने जयहिंद सेना कैंप में आए सैनिकों को बताया की अपने हक की आवाज सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक कैसे आवाज उठाई सकती है उसकी जानकारी दी गयी । और सोशल मीडिया के गुर सिखाए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### गुम बच्चे को दे घंटे में ढूंढ निकाला

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस ने घर से गुम हुए 13 वर्ष के एक के एक बच्चे को सूचना मिलने के दो घंटे के अंदर तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सकुशल बरामद होने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का धन्यवाद किया। प्रभारी निरीक्षक थाना जैत अश्वनी कुमार के मुताबिक ग्राम अरहरा से एक बच्चा गुम होने की सूचना थाने पर दी गई थी। जिसके आधार पर थाने पर तत्काल धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्चे को मात्र दो घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### दो दिन फरह ब्लॉक में लगेगा भर्ती मेला

**मथुरा।** फरह ब्लॉक में दो दिन के भर्ती मेला का आयोजन किया जा रहा है। 22 और 23 जून को एसआईएस लिमिटेड कंपनी मेला शिविर लगाने जा रही हैं जिसमें युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। रीजनल ट्रेनिंग अकादमी नई दिल्ली चयनित युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भर्ती कैंप के बारे में एसआईएस लिमिटेड अधिकारी पीएन मलिक ने बताया है कि यह प्रक्रिया 12 जून से 9 जुलाई ब्लॉक स्तर पर चल रही है। ब्लॉक वार तिथि तय कर दी गई है। एसआईएस लिमिटेड रीजनल ट्रेनिंग अकादमी नई दिल्ली में भर्ती होने के बाद एक महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 65 वर्ष की स्थाई नौकरी सुनिश्चित होगी। वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति, बोनस भी मिलेगा। सरकारी पेंशन, ग्रेच्युटी, वेतन वृद्धि वार्षिक वेतन वृद्धि एवं समय समय पर सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी जैसी सुविधाएं भी देय हैं। नियमानुसार सुरक्षा कर्मी के वेतन में वृद्ध होगी। उन्होंने बताया है कि मथुरा जिले के अलावा अन्य जनपदों से भी अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### गोविन्द नगर पुलिस ने चार वारंटी पकड़े

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर पुलिस ने अभियान के तहत चार वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर देवपाल सिंह पुण्डीर के मुताबिक न्यायालय के आदेशानुसार वारण्टी अभियुक्त सचिन अग्रवाल पुत्र कन्हैया निवासी अर्जुनपुरा थाना गोविंद नगर, बन्टी उर्फ बन्टू पुत्र नसरु निवासी नई वस्ती गोविंद नगर मथुरा हाल पता अजय नगर ( पंचायती घर के आगे ) थाना हाईवे, संजय पुत्र लक्ष्मन निवासी महाविद्या कालोनी थाना गोविन्दनगर तथा कालू पुत्र राजकुमार निवासी महाविद्या कालोनी थाना गोविन्दगर मथुरा को गिरफ्तार किया गया है।

### अग्र बिहारी महाराज का धूमधाम से मान जलविहार यात्रा महोत्सव

**मथुरा।** वृन्दावन के गोपीनाथ बाजार स्थित प्राचीन ठाकुर श्री अग्र बिहारी महाराज का जल बिहार यात्रा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर की सेवायत पंडित दाऊ दयाल शर्मा ने बताया कि आज ठाकुर जी की जल बिहार यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया है। सर्वप्रथम ठाकुर जी को जड़ी बूटियां से निर्मित जल, फलों के रस आदि से स्नान कराया गया। तत्पश्चात नवीन पोशाक धारण कराकर भव्य फूल बंगले में विराजमान किया गया। ठाकुर जी को शीतलता देने के लिए मंदिर में फुव्वारे भी लगाए गए हैं। आज ठाकुर जी का छप्पन भोग भी लगाया गया। जैसे शीत ऋतु में भगवान को गर्म वस्त्र धारण कराए जाते हैं, वैसे ही ग्रीष्म ऋतु में भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए यह महोत्सव आयोजित किया जाता है। इससे भगवान को तो शीतलता मिलती ही है। साथ ही जो श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं, उन्हें भी शीतलता प्राप्त होती है। महोत्सव में मुख्य रूप में श्याम बिहारी शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, अंकुर शर्मा, संजू सेठ, चंद्रशेखर पांडे, हरि वल्लभ गुप्ता, विष्णु गुप्ता, जितेंद्र वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

### सांसद हेमा मालिनी ने किया राधा रमण मंदिर में देहरी पूजन

**मथुरा।** वृंदावन के नगर के ठाकुर राधा रमण मंदिर में चल रहे ग्रीष्मकालीन निकुंज सेवा महोत्सव के अवसर पर सेवा अनुष्ठान का महात्म्य है। ठाकुर राधा रमण लाल का देहरी पूजन किया। इसी क्रम में मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने ठाकुर राधा रमण मंदिर के सेवायत आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी के आचार्यत्व में पूजा अर्चना की। सांसद का प्राचीन सप्त देवालयों में से एक ठाकुर राधा रमण मंदिर में विशेष आस्था है। सांसद हेमा मालिनी ने लगभग 45 मिनट तक पूजा अर्चना की। सेवा महोत्सव में कई संगीत साधक अपनी राग सेवा से राधा रमण लाल को रिझा रहे हैं। ध्रुपद के प्रसिद्ध गायक कामोद मिश्रा ने अपनी राग सेवा करते हुए हुए छमारे मुरली वारे श्याम, मदन मोहन श्याम सुन्दर, वृन्दावन वासीआदि गायन की मधुर प्रस्तुतियां दी।

### मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग से दुष्कर्म

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कस्बा कोसीकलां में मानसिक रूप से विकृत नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना करने वाले अभियुक्त को थाना कोसीकलां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित को शनिवार को करीब एक बजे ईदगाह तिराहा कस्बा कोसीकलां से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक घटना वाली रात्रि में पड़ोस में किसी बच्ची के जन्मदिन के कार्यक्रम में डीजे बज रहा था। इस प्रोग्राम में कुछ लोगों ने शराब का सेवन भी किया था। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरान्त पीड़ित परिवार अपने बच्चों को साथ लेकर अपने घर आकर सो गया था।

# सारंगी की धुन से महकी कला परिषद की शाम, कलाकारों ने जमाया रंग



**कुरुक्षेत्र:** संगीत का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। संगीत के बिना जीवन अधूरा माना जाता है। संगीत न केवल मनोरंजन का साधन माना जाता है, बल्कि संगीत से जीवन रंगीन और आनंदमय बनता है। भारतीय संगीत विविधता में बहुत धनी है, जिनमें शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, पॉप म्यूजिक, फिल्मी संगीत शामिल हैं। संगीत के बिना मानव जीवन की कल्पना करना नामुमकिन लगता है। ये कहना था हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा का। वे विश्व संगीत दिवस के अवसर पर हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन के प्रांगण में आयोजित रागनी और सारंगीवादन कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। भिवानी से लोकगायक इंद्र सिंह लाम्बा और उनकी टीम द्वारा विश्व संगीत दिवस के अवसर पर प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिफा सदस्य चंद्रशेखर शर्मा, लोक कलाकार मनोज जाले, रंगकर्मी शिवकुमार किरमच आदि भी शामिल रहे। नागेंद्र शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर कलाकारों का स्वागत किया। मंच का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सारंगीवादन की रही, जिसमें इंद्र सिंह लाम्बा की पूरी टीम ने सारंगी पर विभिन्न धुनें सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया। इतना ही नहीं कलाकारों ने सारंगी के इतिहास के बारे में भी श्रोताओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सारंगी 600 साल पुराना साज है, जिसे लोक कलाकार सहेजकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

वहीं दूसरी प्रस्तुति में कलाकारों ने रागनी प्रस्तुत करते हुए वाहवाही बटोरी। मैं भरण गई थी नीर राम की सूं, जमना जी के तीर राम की सूं रागनी जैसे की कलाकारों ने प्रस्तुत की, तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल खुशनुमा हो गया। गंगा जी तेरे खेत में जैसी रागनी से भी इंद्र लाम्बा ने सभी को आनंदित किया। इतना ही नहीं जगत में कोई ना परमानैंट जैसे लोकगीत के माध्यम से इंद्र सिंह की पूरी टीम ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। जो देवे धोखा यार नै वो यार नहीं और गोकुलगढ़ से चाली रे गुजरिया वा ही गुजरिया मेरे मन में बसी जैसे गीतों ने भी लोगों की भरपूर वाहवाही बटोरी। इसके अलावा लोगों की फरमाईश पर भी इंद्र सिंह ने कई रागनियां प्रस्तुत की। अंत में हरियाणा कला परिषद की ओर से कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में प्रेमचंद, हरिकेश, राजेंद्र, इंद्र किठाना, कृष्ण कुमार, पवन कुमार, सन्नी लाम्बा आदि शामिल रहे। इसके अलावा हरियाणा कला परिषद द्वारा सैनी समाज भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# अशोक मंगालीवाला ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों ने दिया भरपूर समर्थन



**हिसार :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके विभिन्न बैठकों व चाय कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान जहां मंगालीवाला ने अपनी विचारधारा व योजनाओं से अवगत करवाया, वहीं लोगों ने अपनी कॉलोनी व क्षेत्र की समस्याएं मंगालीवाला से साझा की। विभिन्न बैठकों व चाय कार्यक्रमों में दौरान मंगालीवाला ने कहा कि बिजली, पानी, बढ़ि?ा सड़कें व पक्की गलियों जैसी मूलभूत सुविधाएं तो हर नागरिक को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विडंबना ही है कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्चने के बावजूद हिसार के कई क्षेत्रों में लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मंगालीवाला ने कहा कि कई कॉलोनियों में पीने का पर्याप्त पानी तक नहीं मिलता है। इसके साथ-साथ अघोषित बिजली कटों से आम इंसान का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि बहुत से क्षेत्रों में सीवर के पानी व अन्य दूषित पानी के निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। इसी भांति जनता को बढ़ि?ा सड़कें व पक्की गलियों की दरकार है। उन्होंने कहा कि हिसारवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ हिसार को विकास पथ पर अग्रसर करना ही प्राथमिक लक्ष्य है।

# जागृतिः झूठे मुकदमे दर्ज कराने की प्रवृत्ति में आई कमीः डीएम

**मथुरा।** ऑपरेशन जागृति के दूसरे चरण में गांवों में सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 24 जून से 13 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण के अभियान के बाद विरोधियों को फंसाने के लिए लिखे जाने वाले झूठे मुकदमों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि झूठे मुकदमे लिखवाने में आई कमी, दूसरे चरण में और मेहनत से किया जाएगा जागरूक। पुलिस लाइन में शनिवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने ऑपरेशन जागृति फेज-2 का शुभारंभ किया।

# अधिकारियों ने तैयार किया मुड़िया मेला का मेगा प्लान



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** उत्तर भारत के विशाल मुड़िया मेला को लेकर त्रुट परिहत मेगा प्लान तैयार किया गया है। जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर अधिकारियों ने इस का खाका खींचा। इसके लिए गोवर्धन के लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में शनिवार को मैराथन बैठक हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव के आधार पर सुझाव रखे जिन पर अधिकारियों ने अमल किया। इस बैठक में प्रदेश सरकार में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद हेमा मालिनी, विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, वीसी एमवीडीए एसबी सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, मुख्य चिकित्साधिकारी अजय वर्मा, एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार, सचिव एमवीडीए अरविंद कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी नीलम श्रीवास्तव, सी.ओ. आलोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री सांसद या विधायक निधि से किसी प्राइवेट एजेंसी से परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई तथा प्लास्टिक मुक्त परिक्रमा मार्ग की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने चौधरी लक्ष्मी नारायण सांसद या विधायक निधि से किसी प्राइवेट एजेंसी से परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई तथा प्लास्टिक मुक्त परिक्रमा मार्ग की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। सांसद हेमा मालिनी ने सुझाव रखा कि पीने के पानी की व्यवस्था, जलभराव की समस्या का निस्तारण, बरसात को ध्यान में रखते हुए विद्युत सुरक्षा, आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। ये मेला हमारे मथुरा का गौरव है। इस मेले को सकुशल तथा शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। गोवर्धन विधायक ने कहा कि सभी पार्किंगों को क्रमवार भरा जाए, आन्यौर में जलभराव की समस्या, जतीपुरा पहले जलभराव का निस्तारण, कच्ची परिक्रमा रेती या सॉफ्ट मिट्टी डाली जाए। मोबाइल टॉयलेट की साफ सफाई बेहतर हो। गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने मानसी गंगा के फव्वारों को सड़क की तरफ न करके उन्हें नीचे कुंड में करने के लिए सुझाव दिया।

# ओशो ध्यान उपवन में आधारित रहेगा ध्यान सत्र



**हिसार :** ओशो ध्यान उपवन में 23 जून को बाहरी योग से भीतरी योग तक पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र के दौरान योग के विविध आयामों पर चर्चा की जाएगी। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि 23 जून को मां सांची योगाभ्यास करवाते हुए भीतरी योग तक की प्रक्रिया को साझा करेंगी। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग योग को केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित रखते हैं जबकि अपने भीतर डुबकर अलग अनुभूति करना भी भीतरी योग का हिस्सा है। स्वामी संजय ने कहा कि नियमित रूप से योग करने से मनुष्य निरोगी रह सकता है। इसके साथ-साथ भीतरी योग के माध्यम से उल्लासमय व आनंदमय जीवन व्यतीत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शरीर से शुरू कर-के आत्मा तक पहुंचने के योग को समझकर जीवन को सार्थक किया जा सकता है।

स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने भी योग की बड़ी विस्तृत व्याख्या की है। संत ओशो के संचित प्रवचनों के माध्यम से साधकों को योग को समझने में और आसानी होगी। उन्होंने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में 23 जून को मां सांची योग व ध्यान का महत्व समझाते हुए अभ्यास भी करवाएंगी। उन्होंने कहा कि ओशो ध्यान उपवन सामाजिक व आध्यात्मिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। यहां समय-समय पर विभिन्न उत्सव व आयोजन धूमधाम से किए जाते हैं। इसी कड़ी में 23 जून को योग पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु ओशो ध्यान उपवन में पहुंचेंगे।

**ध्यान**

- ओशो ध्यान उपवन में 23 जून को आयोजित होने वाले ध्यान सत्र में बाहरी व भीतरी योग पर होगी चर्चा
- ओशो ध्यान उपवन में योग के विविध आयामों पर आधारित होगा 23 जून का ध्यान

# 23 जून को प्रधान पद के लिए परमजीत तहलान को दिया समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः** जाट शिक्षण संस्थान रोहतक में 2015 से चुनाव नहीं हुए इस दौरान संस्थान के संचालन हेतु सरकार द्वारा प्रशासक लगाये गये। जाट संस्था के 115 साल की गौरवमयी यात्रा के दौरान कई बार ऐसा समय आया जब संस्था का संचालन प्रशासकों द्वारा किया गया। पूर्व की कार्यकारिणी व प्रशासकों के समय में हुई अनियमितताओं के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए संस्था के संस्थापकों में से चौ. देवीसिंह नांदल के पौत्र व आजीवन सदस्य एडवोकेट चंचल नांदल की अध्यक्षता में एक 51 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। जो पिछले आठ साल से निरंतर संस्था के हित में आवाज उठाती रही तथा परिवारवाद व भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्यों में इस कमेटी का अहम योगदान रहा। यह शब्द स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान चंचल नांदल ने कहे। उन्होंने बताया कि लंबे संघर्ष के बाद फरवरी 2024 में 105 कॉलेजियम सदस्यों का चुनाव हुआ और अब आगामी 23 जून को इन सदस्यों में से कार्यकारिणी का चुनाव होना है।

जाट शिक्षण संस्थान संघर्ष कमेटी के संयोजक चंचल नांदल ने प्रधान पद की दावेदारी प्रस्तुत की लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए परिवारवाद व भ्रष्टाचार से संस्था को बचाने के लिए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि सकारात्मक व संस्था का हित चाहने वाले सदस्यों को एकजुट होना चाहिए, इसलिए प्रधान पद के दावेदारों में से सबसे योग्य, कर्मठ, जुझारू व ईमानदार व्यक्ति को समर्थन देने का निर्णय लिया गया तथा चौ. देवीसिंह के संस्कारों का पालन करते हुए एडवोकेट चंचल नांदल ने संस्था के हित के लिए, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष परमजीत तहलान के पैनल को बिना शर्त समर्थन देने का फैसला लिया तथा उनके इस फैसले का समर्थन 51 सदस्यीय कमेटी ने भी समर्थन किया। उन्होंने चंचल नांदल के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधान पद के लिए परमजीत तहलान जिनका चुनाव चिन्ह गन्ना किसान है उन्हें सहयोग कर, समाज व संस्था की सेवा का अवसर प्रदान करें।

इस अवसर पर जगवंत हुड्डा ने अपने वक्तव्य में कहा कि 51 सदस्यीय कमेटी कॉलेजियम के 105 सदस्यों से निवेदन करती है कि संस्था के चहुँमुखी विकास के लिए ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ व शिक्षित सदस्य का चुनाव करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रधानों ने सिर्फ भाई भतीजावाद तथा परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि रोहतक स्थित जाट शिक्षण संस्था उत्तरी भारत की सबसे बड़ी संस्था है चौ. छोटूराम, मास्टर बलदेव सिंह तथा देवीसिंह नांदल जैसे हमारे बुजुर्गों ने एक सामाजिक संस्थान का निर्माण किया था ताकि समाज के हर तबके को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके।

# गायब टैक्सी चालक का धौलपुर में मिला शव



**मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र से लापता हुए टैक्सी चालक का राजस्थान के जिला धौलपुर में अधजला शव मिलने से परिवारजनों में कोहराम मच है। सूचना के बाद दर्जनों ग्रामीण शनिवार को थाने पहुंच गये। चार जून को टैक्सी चालक रिंकू पुत्र दीना अचानक लापता हो गया था। शाम तक घर न पहुंचने पर परिवारीजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन करने पर रिंकू की कार संजय कॉलेज के समीप जैत थाना क्षेत्र में बच्चे पर लावारिस अवस्था में खड़ी मिली थी। परिजनों ने रिंकू का अपहरण होने की आशंका व्यक्त कर जैत पुलिस को तहरीर दी। पांच जून को राजस्थान के जिला धौलपुर के थाना मनिया क्षेत्र में एक युवक का अधजला शव मिला पुलिस ने शिनाख्त के काफी प्रयास किया, शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। धौलपुर पुलिस ने गुमशुदा हुआ लोगों के बारे में जानकारी की तो पता चला कि अधजला शव जनपद मथुरा टाउनशिप नरसीपुरम थाना रिफाइनरी क्षेत्र के रिंकू पुत्र दीना का है। धौलपुर पुलिस तीन दिन पूर्व मृतक के घर पहुंची शव के फोटोग्राफ एवं उसके पास से मिले समान के आधार पर परिजनों से अज्ञात शव की शिनाख्त कराई। रिंकू की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। जैत पुलिस ने रिंकू की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। थाना जैत पर लोगों के इकट्ठा होने की सूचना पर सीओ सदर कुंवर आकाश सिंह भी थाने पहुंच गये और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाकर लोगों को शांत कराया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bharadwaj Group



# रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाई जाए कमी: सीएम योगी

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का किया अवलोकन, आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का किया जाए सरलीकरण, ई-रजिस्ट्रेशन का कार्य सरकारी एजेंसीज और रेरा अप्रूव्ड संस्थाओं के माध्यम से कराया जाए: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यक्ता है। इसको लेकर जल्द से जल्द तैयारी की जाए और ड्राफ्ट बनाकर प्रस्तुत किया जाए। सीएम योगी ने आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक संपत्ति के रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क को कम करने के भी निर्देश दिये। इसके लिए अलग अलग ब्रैकेट बनाए जाएं और एग्रीमेंट की प्रक्रिया को सरल किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के अंतर्गत मौजूद रजिस्ट्रेशन के कोडिफिकेशन, ई-रजिस्ट्रेशन और ई-फाइलिंग की संपूर्ण व्यवस्था पारदर्शी हो। ई-रजिस्ट्रेशन का कार्य सरकारी एजेंसीज और रेरा अप्रूव्ड संस्थाओं के माध्यम से कराया जाए। वहीं ई-फाइलिंग का कार्य बैंक फाइल 6 (1), 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट और रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 के सेक्शन 18 और 89 के अंतर्गत किसी भी डॉक्युमेंट के माध्यम से कराया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई रजिस्ट्रेशन के तहत फेज-1 में सरकारी एजेंसियों- डेवलपमेंट एवं इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटीज को सेल डीड, एग्रीमेंट एवं लीज डीड के लिए मंजूरी प्रदान की जाए। सरकारी एजेंसियों के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण और स्वीकृति प्रदान की जाए। साथ ही पार्टियों का फोटो और सिग्नेचर भी डिजिटली या इलेक्ट्रानिकल रूप से किया जाना चाहिए। पंजीकरण उपरोक्त प्रक्रिया के इलेक्ट्रानिक प्रेषित डेटा के आधार पर रजिस्ट्रार अधिकारी द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई रजिस्ट्रेशन के फेज-2 में सेल डीड, एग्रीमेंट और लीज डीड के लिए रेरा द्वारा अनुमोदित संस्थाओं तक विस्तारित किया जाए। पार्टियों का फोटो और हस्ताक्षर डिजिटल या इलेक्ट्रानिक रूप से किया जाए। प्रक्रिया के तहत इलेक्ट्रानिक प्रसारित डाटा के आधार पर पंजीकरण अधिकारी द्वारा पंजीकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई-फाइलिंग के तहत फेज-1 में बैंक फाइलों की प्रॉसेसिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, जबकि दूसरे फेज में 12 माह तक का रेंट एग्रीमेंट, ऑनलाइन स्टांपिंग, ई-सिग्नेचर और पार्टियों और गवाहों का ई-केवाईसी वेरिफिकेशन आधार के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है। यह प्रदेश के नागरिकों के लिए असुविधाजनक तो है ही, साथ ही समय लेने वाली प्रक्रिया है। ई-रजिस्ट्रेशन की शुरूआत के बाद इससे नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

**विकास पर बल**

**▸▸ लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में विवि के निर्माण की बात भी कही गई**

## फायर फाइटिंग व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस होगा भदोही का मार्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/भदोही:** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही नागरिक सुविधाओं में इजाफा करने के लिए भी प्रयासरत है। इसी क्रम में, सीएम योगी की मंशा अनुसार भदोही में बने मार्ट के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके अंतर्गत उसे आधुनिक फायर फाइटिंग, अलार्म सिस्टम व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस किया जाएगा। इस उच्चीकरण प्रक्रिया को भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण किया जा रहा है तथा सभी प्रक्रियाओं को अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

**53.30 लाख रुपए के व्यय से उच्चीकरण कार्य होंगे पूर्ण:** भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित बीडा मार्ट में उच्चीकरण प्रक्रिया को 53.30 लाख रुपए के व्यय से पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कालीनों के निर्माण के लिए देश-विदेश में विख्यात भदोही में एक लाख से ज्यादा लूम, 500 से अधिक निर्यात इकाइयां तथा 63000 कारीगर सक्रिय हैं। पूरी दुनिया में शहर की पहचान ह्यकालीन नगरीह्न के तौर पर है, ऐसे में यहां के औद्योगिक परिवेश को बढ़ावा देने और समग्र विकास के दृष्टिगत भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरणका गठन किया गया था। भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत भदोही टाउन समेत कुल 314 स्क्वेयर किलोमीटर (31400 हेक्टेयर) का कार्यक्षेत्र आता है जिसमें 328 राजस्व ग्रामों को सम्मिलि' किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, वीवर सेंट्रिक व इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज का विभिन्न परियोजनाओं के जरिए विकास किया जा रहा है।

## अन्य राज्यों की तर्ज पर हरियाणा में भी ई-वे बिल पर छूट की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चन्द गुप्ता ने व्यापारियों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर अन्य राज्यों की तर्ज पर हरियाणा में भी ई-वे बिल पर छूट दिए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने मांग की कि जीएसटी कौंसिल ने केंद्र सरकार के आदेश पर अनेक राज्यों को, ई-वे बिल पर दी गई छूट को हरियाणा में भी दिलाया जाए। ज्ञापन में हरियाणा व्यापार मंडल ले मांग की कि जीएसटी कानून में इन्ट्र स्टेट परिवहन के मामले में बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात आदि जिलों में ई-वे बिल पर छूट दी गई है जबकि हरियाणा में यह नहीं है। उन्होंने मांग की कि उपरोक्त राज्यों को ई-वे बिल पर मिली छूट की तर्ज पर हरियाणा में भी ई-वे बिल पर छूट मिलनी चाहिए। लक्ष्मी चन्द गुप्ता ने कहा कि हरियाणा का व्यापारी और उद्योगपति पूरी ईमानदारी और निष्ठा से सरकारी खजाने को भरने का काम कर रहा है।

## बिहार में एक और पुल धराशायी



**टीम एक्शन इंडिया**

**सीवानः** बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। चार दिन के अंदर दूसरा पुल भरभरा कर गिर गया। सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

**कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी:** ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा। कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी। साथ ही नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंक दी गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि इसी कारण पुल का पाया कमजोर हो गया। आज पाया टूट गया, जिससे पुल नहर में गिर गया। घटना के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया है।

**आवागमन बाधित**

**▸▸ अब सीवान में नहर पर बना ब्रिज भरभरा कर गिरा; आवागमन ठप, उठे कई सवाल**

**30 साल पुराना था यह पुल:** वहीं पुल हादसे के बाद वहां पर दोनों ओर से दोनों गांव के लोग इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले नहर की सफाई की गई थी, जिसमें यहां से मिट्टी काटकर नहर के बांध में फेंकी गई थी। इस से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया और ज्यादा लोड होने के वजह से यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि 30 फीट चौड़ा और 30 साल पुराना यह पुल था। वही ग्रामीणों का कहना था कि पुल टूटने के बाद भी अभी तक कोई विभाग के लोग जायजा लेने नहीं पहुंचे हैं। इसके टूट जाने की वजह से काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। बच्चे स्कूल नहीं जा पाएंगे और एक गांव से दूसरे गांव में आने जाने के लिए यही एक पुलिया ही सहारा था। बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया।

## बल्लभगढ़ के विकास में नहीं होगी कमी: शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबादः** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास कार्यों में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि अधिकारी निर्धारित समय पर विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। वे शनिवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था और पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर रहे थे । जहां कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के नाले और डिस्पोजल और पीने के पानी की लाइन का संयुक्त निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज नेशनल हाईवे मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेसवे, डीआरडीए, एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों के साथ सेक्टर- 3 तिगांव अंडरपास के अलावा सेक्टर- 64 डिस्पोजल नियर चंदावली अडरपास का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सीवर के पानी की निकासी का उचित प्रबंध कराएं। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से आने वाले 5 दिन में धरातल पर प्रगति रिपोर्ट दिखाने के लिए सख्त आदेश भी दिए हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि शहर में फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण/ एफएमडीए द्वारा सीवर लाइन की सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से शहर के कुछ स्थान पर सीवर का पानी खुले में बहने की शिकायत आ रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने उपरोक्त विभागों के अधिकारियों के साथ मौके का औचक निरीक्षण किया गया है ।

**निरीक्षण**

**▸▸ कैबिनेट मंत्री ने सीवरेज, पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई लाइनों के विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण**



